


# राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


क्या आप भी करते हैं सोशल ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

सोमवार, 28 अगस्त 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 10 अंकः 248 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# जी20 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तानी समर्थकों पर मामला दर्ज,दिल्ली मेट्रो स्टेशन के बाहर लिखे भारत विरोधी नारे, Police ने नारों को मिटाया

नई दिल्ली। भारत की राजधानी दिल्ली में सितंबर महीने में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। इस शिखर सम्मेलन के लिए पूरी दिल्ली को सजाया जा रहा है और तैयारियां की जा रही है। इसी बीच जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली मेट्रो के कम से कम पांच स्टेशनों पर खालिस्तान से जुड़े नारे लिखे मिले। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वहीं दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कर ली है। दिल्ली पुलिस हुई अलर्टः इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व अन्य जिलों की टीमें अलर्ट मोड पर हो गई है। दिल्ली पुलिस ने इस घटना के बाद कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इस शर्मनाक हरकत के पीछे जो भी लोग शामिल हैं उनके खिलाफ पुलिस सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। दिल्ली पुलिस के अनुसार जी20 सम्मेलन से पहले सिख फॉर जस्टिस ने दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों के फुटेज भी जारी किए थे। इनमें खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए थे। दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशनों पर शिवाजी पार्क से लेकर पंजाबी बाग तक सिख फॉर जस्टिस संगठन के कार्यकर्ताओं ने ये नारे लिखे थे। इस मामले की जांच करते हुए दिल्ली पुलिस इस मामले में जिम्मेदार लोगों को ढूंढने के लिए जुट गई है। इस संबंध में पुलिस मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है जहां नारे लिखे गए थे। दिल्ली पुलिस ने जांच के लिए स्टेशनों के सीआईएसएफ अधिकारियों से भी संपर्क किया है। दीवारों से हटाए नारेः बता दें कि दिल्ली पुलिस को जैसे ही खालिस्तानी नारे लिखे होने की जानकारी मिली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने दीवारों को धोकर साफ करवा दिया है। नारों को भी हटवा दिया गया है।



## दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया मामला

दिल्ली में मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे मिले होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि हमें सुबह 11 बजे नांगलोई थाने में नारेबाजी की सूचना मिली। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। चार स्टेशनों पर ये नारे लिखे गए थे। पुलिस उपायुक्त (मेट्रो) जी राम गोपाल नाइक ने ये जानाकरी दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक दिल्ली मेट्रो के लगभग पांच स्टेशनों की दीवारों पर 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान' और 'खालिस्तान जिंदाबाद' जैसे नारे लिखे गए है। इन नारों को स्प्रे पेंट से मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर पेंट किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। दिल्ली मेट्रो के अधिकारी ने बताया कि कानून व्यवस्था से संबंधित ही ये पूरा मामला है। दिल्ली पुलिस का जांच में दिल्ली मेट्रो पूरा सहयोग करेगी। गौरतलब है कि दिल्ली में नौ–10 सितंबर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन होने वाला है जिससे पहले खालिस्तानी संगठन ने ये हरकत कर माहौल को खराब करने की कोशिश की है।

# देशवासियों से पीएम मोदी ने किया आह्वान, देश का मान बढ़ाने के लिए जी–20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाएं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी–20 शिखर सम्मेलन में 'जनभावना की भागीदारी' की भावना को सबसे आगे बताते हुए रविवार को देशवासियों से देश का मान बढ़ाने के लिए इसे सफल बनाने का आह्वान किया। आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की ताजा कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने कहा कि सितंबर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है, जिसके लिए देश पूरी तरह से तैयार है। भारत की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में नौ और 10 सितंबर को जी–20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। मोदी ने कहा कि इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन के प्रतिनिधि दिल्ली आ रहे हैं, जो कि इस शिखर सम्मेलन के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा, "मैं सभी देशवासियो से कहूंगा कि आइए, मिलकर जी–20 सम्मलेन को सफल बनाएं, देश का मान बढ़ाएं।" प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षा में हो रहे इस शिखर सम्मेलन को 'पीपुल्स प्रेसिडेंसी' करार दिया और कहा कि इसमें जनभागीदारी की भावना सबसे आगे है। उन्होंने बताया कि जी–20 के 11 विभिन्न भागीदार समूह थे, जिनमें अकादमिक विशेषज्ञ, नागरिक समूह, युवा, महिलाएं, सांसद, उद्यमी और शहरी प्रशासन से जुड़े लोगों ने अहम भूमिका निभाई और इसे लेकर देशभर में हुए आयोजनों में किसी न किसी रूप से डेढ़ करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। मोदी ने कहा कि जनभागीदारी की इस कोशिश में दो–दो विश्व रिकॉर्ड भी बन गए हैं। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने वाराणसी में हुए जी–20 क्विज में 800 स्कूलों के 1.25 लाख छात्रों की भागीदारी, 450 लंबानी कारीगरों के संग्रहों और सूरत में आयोजित साड़ी 'वॉकेथॉन' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी–20 को और ज्यादा समावेशी मंच बनाया है। भारत के निमंत्रण पर ही अफ्रीकी संघ भी जी–20 से जुड़ा और अफ्रीका के लोगों की आवाज दुनिया के इस अहम मंच तक पहुंची।" प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल बाली में भारत को जी–20 की अध्यक्षता मिलने के बाद से अब तक इतना कुछ हुआ है, जो देश को गर्व से भर देता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बड़े–बड़े कार्यक्रमों की परंपरा से हटकर, इस बार देश के अलग–अलग 60 शहरों में इससे जुड़ी करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा, "जी–20 प्रतिनिधि जहां भी गए, वहां लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। ये प्रतिनिधि हमारे देश की विविधता और हमारे जीवंत लोकतंत्र को देखकर बहुत ही प्रभावित हुए। उन्हें यह भी एहसास हुआ कि भारत में कितनी सारी संभावनाएं हैं।



# सपा की सरकार में सैफई का विकास ही प्रदेश का विकास मान लिया गया थाः उपमुख्यमंत्री

घोसी, मऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा घोसी उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी जनसभा की गई। घोसी विधानसभा के अंतर्गत सरायशादी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित है। आने वाले 5 तारीख को अपने मतदान की बदौलत घोसी विधानसभा के मतदाता भाजपा प्रत्याशी की भारी मतों से विजय होगी। हमारा एक एक कार्यकर्ता विरोधियों के दस दस कार्यकर्ताओं पर भारी है। हमारी सरकार में हर जाति हर वर्ग का हित सुरक्षित है। भाजपा सरकार में शोषित और वंचित वर्ग के साथ न्याय किया जाता है जबकि अन्य विरोधी पार्टियां सिर्फ उनको ओत बैक की तरह प्रयोग करती हैं। यह उपचुनाव आने वाले समय में बड़ा संदेश देने वाला है। केंद्र में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को योजनाओ का लाभ दिया जा रहा है। सपा की सरकार में सैफई का विकास ही प्रदेश का विकास मान लिया गया था, जबकि हमारी सरकार ने सबका साथ सबका विकास को लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। कहा की भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थक इतने उत्साह से मतदान करे की समाजवादी पार्टी समप्तवादी पार्टी हो जाए। भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने कहा कि इस जनसभा में उपस्थित भीड़ इस बात का सबूत है की इस चुनाव में हर बूथ पर कमल का परचम लहराएगा। उपचुनाव में हर वर्ग हर जाति का वोट कमल को मिलने वाला है। भाजपा प्रत्याशी ने आह्वाहन किया की आगामी मतदान दिवस पर हर घर हर गांव से भारी मतदान होना चाहिए।



# राजस्थान में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का बयान, कहा– चंद्रयान की तरफ सफल होगी यात्रा

जयपुर। राजस्थान में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी लगातार बैठकें करने के साथ ही चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। इन चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से अपनी कमर कसकर तैयारियों में जुट गई है। आगामी चुनावों को लेकर केंद्रीय मंत्री और राजस्थान के भाजपा चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी का कहना है कि राजस्थान में पार्टी ने परिवर्तन यात्रा आयोजित की है। ये यात्रा चंद्रयान 3 की तरह ही सफल होगी। राज्य में सत्ता में बैठी कांग्रेस पार्टी को जनता विधानसभा चुनाव में जीतने नहीं देगी। प्रह्लाद जोशी ने जयपुर में कहा कि परिवर्तन यात्रा चंद्रयात्रा (चंद्रयान 3) की तरह ही सफल होगी...जनता पूरी कांग्रेस पार्टी को राज्य से बाहर कर देगी। बता दें कि प्रह्लाद जोशी ने पहले पार्टी की आगामी श्परिवर्तन यात्राओंश का जायजा लिया था। राज्य में ये परिवर्तन यात्रा सितंबर महीने में 23 दिनों के लिए निकाली जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, यात्राएं 2, 3, 4 और 5 सितंबर को शुरू होने की संभावना है और 25 सितंबर को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक विशाल सार्वजनिक संबोधन के साथ समाप्त होगी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे षसबसे भ्रष्टष करार दिया था। केंद्रीय मंत्री ने षमहिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलष होने के लिए कांग्रेस सरकार पर हमला बोला था और राज्य में बलात्कार की हालिया घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की थी।



# राजस्थानः आत्महत्या रोकने के लिए कोटा के छात्रावासों की बालकनी में जाल लगाए गए

कोटा। कोचिंग का केंद्र कहे जाने वाले कोटा के छात्रावासों में आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसके तहत यहां बालकनियों और लॉबी में जाल लगाए जा रहे हैं। छात्रावास मालिकों ने बताया कि वे इस तरह की दुखद घटनाओं से बचने के लिए अपने परिसर को 'आत्महत्या रोधी' बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे पहले पंखों में स्प्रिंग उपकरण लगाने का कदम भी उठाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इस साल कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 20 छात्रों ने आत्महत्या कर ली जो कि अब तक किसी भी वर्ष में हुई सर्वाधिक घटनाएं हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 15 था।आठ मंजिलों में 200 से अधिक कमरों वाले बालिकाओं के छात्रावास 'विशालाक्षी रेजीडेंसी' के मालिक विनोद गौतम ने कहा, "हमने सभी लॉबी और बालकनियों में बड़े–बड़े जाल लगाए हैं ताकि छात्राएं ऊंची मंजिल से कूदें तो उन्हें रोका जा सके। ये जाल 150 किलोग्राम तक वजन सह सकते हैं और इनसे कोई घायल भी नहीं होगा।" एक अन्य हॉस्टल मालिक ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि सभी लॉबी, खिड़कियों और बालकनियों में लोहे की जाली लगाई गई हैं। उन्होंने कहा, "ज्यादातर छात्र या तो पंखे से लटककर या ऊंची इमारत या छत से कूदकर आत्महत्या करते हैं। हमने किसी भी घटना से बचने के लिए दोनों तरह के उपाय किए हैं। इस तरह की घटनाओं से व्यवसाय भी प्रभावित होता है क्योंकि आत्महत्या की घटना के बाद छात्र उस छात्रावास से अन्य छात्रावास में स्थानांतरित होने लगते हैं।" उपायुक्त ओपी बुनकर ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, "हम बच्चों के नियमित मनोवैज्ञानिक परीक्षण से लेकर माता–पिता के साथ लगातार बातचीत करने जैसे कई उपाय कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हालांकि, पंखे में स्प्रिंग उपकरण लगाने जैसे उपाय किसी छात्र द्वारा किए गए ऐसे प्रयास को विफल करने में सहायक हो सकते हैं। अगर एक बार जब वह प्रयास में असफल हो जाता है, तो छात्रों को परामर्श देना आसान हो जाता।" 'आत्महत्या विरोधी उपाय' के तहत पंखों में स्प्रिंग उपकरण लगाने को लेकर 12 अगस्त को कोटा के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के बीच एक बैठक में चर्चा की गई थी। बाद में उपायुक्त ने निर्देश जारी कर सख्ती से इसका पालन करने के लिए कहा था।




# डॉक्टर की सलाह से आई फ्लू में करे ड्रॉप्स का इस्तेमाल

मऊ (आरएनएस)। रायपुर ग्राम सभा में आज निःशुल्क चिकित्सिकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कुल 146 मरीजो को परामर्श दिया गया। शिविर में नेत्र, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं सांस की जांच की गयी एवं मौसमी बदलाव के कारण होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय भी बताये गए। आजकल आँखों का इन्फेक्शन बढ़ रहा है। उसके बारे में चर्चा करते हुए बताया की आंखों का इंफेक्शन एक आंख से शुरू होकर दोनों आंखों तक पहुंच जाता है। दरअसल, बारिश के मौसम में हवा से संक्रमण फैलाने वाले कीटाणु और जीवाणुओं की संख्या बढ़ जाती है. चूंकि आई फ्लू संक्रामक बीमारी है ।






# कांग्रेस की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राहुल गांधी होंगे पीएम पद के उम्मीदवार, अशोक गहलोत ने किया ऐलान

जयपुर। देश में लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा इसे लेकर जल्द ही इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक होने वाली है। इस बैठक से पहले ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा बयान देकर राजनीतिक गलियारों में हलचल ला दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार के लिए राहुल गांधी का नाम चुना है। ये जानकारी अशोक गहलोत ने इंडिया टुडे ग्रुप के साथ हुई बातचीत में दी है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर भी बयान दिया है। इस गठबंधन की जरुरत को लेकर उन्होंने कहा कि जनता ने ऐसी स्थिति पैदा जिसके परिणामस्वरूप विपक्षी दलों को एकजुट होकर गठबंधन करना पड़ा है। देश के मौजूदा हालात ने बीजेपी से मुकाबला करने के लिए 26 पार्टियों को एकजुट कर दिया है।



## पीएम मोदी को अहंकारी नहीं होना चाहिएः गहलोत

*इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए अशोक गहलोत ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अहंकारी नहीं होना चाहिए। वर्ष 2014 में भाजपा महज 31 प्रतिशत वोटों के साथ ही सत्ता पर कब्जा जमा सकी थी। वहीं 69 प्रतिशत वोट उनके खिलाफ पड़े थे। उन्होंने कहा कि एनडीए इंडिया गठबंधन की बैठक से काफी डर गया है। वहीं एनडीए ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनावों में एनडीए 50 फीसदी वोटों के साथ सत्ता में लौटने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर एनडीए के बारे में उनके विचार पूछने पर उन्होंने कहा, "पीएम मोदी इसे कभी हासिल नहीं कर पाएंगे। जब मोदी अपनी लोकप्रियता के चरम पर थे, तो उन्हें 50ः वोट भी हासिल नहीं हो सके। उनका वोट शेयर घट जाएगा और 2024 के चुनाव के नतीजे तय करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा।" उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में कांग्रेस के कारण ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने इस दावे के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि भाजपा 2024 में फिर से सत्ता में आएगी।*

# 4 सितम्बर को महामहिम राज्यपाल करेगी दौरा,तैयारियों में जुट जिला प्रशासन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगामी 4 सितंबर को जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयारी की समीक्षा किया। उन्होंने भानपुर तहसील के सल्टौआ गोपालपुर स्थित लेदवा ग्राम का भी भ्रमण किया। उल्लेखनीय हैं की दो दिन पूर्व उन्होंने इसी सिलसिले में ओपेक कैली अस्पताल तथा जिला महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया था। कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम स्थल के लिए अलग–अलग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित करने का निर्देश दिया है। विशेष रूप से उन्होंने महामहिम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न होने का सख्त हिदायत दिया है। उन्होंने कहा कि महामहिम हेलीपैड से सर्किट हाउस, ओपेक केली अस्पताल, ग्राम लेदवा, कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा, आयुष एवं फार्मेसी कॉलेज के प्रतिनिधियों, एफपीओ संचालक, प्रगतिशील किसानों, ओडीओपी के उद्यमियों एवं रेडक्रॉस समिति के पदाधिकारी के साथ वार्ता कर सकती हैं। इस प्रकार कार्यक्रम राजभवन को प्रेषित किया जाएगा तथा वहां से अनुमति प्राप्त होने के बाद कार्यक्रम का निर्धारण अंतिम रूप से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि नगरपालिका एवं डीपीआरओ सफाई कर्मियों के माध्यम से महामहिम के गुजरने वाले रास्तों पर झाड़–झंखाड़ की सफाई करने



के साथ ही अवैध अतिक्रमण हटाएंगे। इस दौरान काऊ कैचर के द्वारा छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़ा जाएगा तथा उन्हें गोवंश आश्रय स्थलों में रखा जाएगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाएगा। विद्युत विभाग सभी खम्भो एवं तारों को सही कराएंगे तथा सभी कार्यक्रम स्थल की विद्युत सुरक्षा संबंधी जांच करके प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। महामहिम जिला जेल भी जा सकती हैं, जहां वे महिला कैदियों से भेंट करके उनको दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं उनके द्वारा बनाई गई राखियों का निरीक्षण कर सकती हैं। यहां पर तैयारी पूरी करने के लिए जेल सुपरिंटेंडेंट, सेवायोजन अधिकारी तथा आईटीआई प्रधानाचार्य को नामित किया गया है। लेदवा ग्रामसभा में रानी सती अमृत सरोवर, पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, अमृत वाटिका का निरीक्षण करने के साथ–साथ वह विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का निरीक्षण तथा लोगों से संवाद करेंगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मानक के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराए जाएं। यहां पर महामहिम रुद्राक्ष का वृक्षारोपण भी करेंगी। यहां के लिए एसडीएम भानपुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा एवं प्रदर्शनी से संबंधित अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। यहां साफ–सफाई करने तथा सड़क ठीक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है। लेदवा ग्रामसभा में अमृत सरोवर के किनारे इंटरलॉकिंग लगवाया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन में बैठने वाले सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारी के कक्ष के बाहर उनके नाम प्लेट लगेगी तथा उस दिन सभी कर्मचारी वहां उपस्थित रहेंगे। स्कूल में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, प्रोजेक्टर या टीवी की व्यवस्था के साथ–साथ सभी छात्र–छात्राएं फुल ड्रेस में उपस्थित होंगे। महामहिम के द्वारा शिक्षा से संबंधित बच्चों से सवाल किया जा सकते हैं, इसकी संभावना को देखते हुए बच्चों को भी उत्तर देने के तौर तरीके के बारे में सिखाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र में रंगाई–पुताई करने के साथ–साथ खेल–खिलौने एवं अन्य सामग्री उपलब्ध रहेगी। .षि, उद्यान, पराग डेयरी, स्वास्थ्य, आईसीडीएस, एवं अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाली बैठक में केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेने के साथ–साथ महामहिम अपने रुचि के विषयों जैसे रेडक्रॉस, टीबी उपचार, .षक उत्पादन संगठनों के प्रतिनिधियों, टेक्निकल कॉलेज एवं फार्मेसी कॉलेज के प्रतिनिधियों से विचार–विमर्श करके स्थिति की जानकारी करेगी। एक जनपद एक उत्पाद योजना के उद्यमियों से वार्ता करेंगी। इस दौरान जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में भी .षक उत्पादक संगठन, एक जनपद एक उत्पाद के उद्यमी, पराग डेयरी, .षि , उद्यान विभाग की स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक में महामहिम को जनपद में पिछले 1 वर्ष में किए गए अभिनव प्रयोग जैसे– 518 विद्यालयों की बाउंड्रीवॉल निर्माण, मनोरमा नदी का पुनरुद्धार, कनेथू बुजुर्ग एवं पंचवस झील का पुनरुद्धार, 269 कुओ का जीर्णोद्धार, 254 अमृत सरोवर का निर्माण, 52 प्लेग्राउंड तथा 73 चारागाह का विकास भी पीपीटी के माध्यम से महामहिम को दर्शाया जाएगा। बैठक में सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी गण, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार गौतम, महेंद्र मिश्रा, केशव लाल तथा संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# लकवा से कैसे बचे: डॉक्टर बी के वर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। खान पान की बदलती आदतें और तनाव, और भागदौड़ भरी जिंदगी बीमारियों का सबसे प्रमुख कारण है। लकवा, पक्षाघात या (पैरालिसिस) एक ऐसी बीमारी है, जिसके बारे में पहले लोगों को पता नहीं चलता है और अचानक से परेशानी हो जाती है। इसके बारे में हमने विस्तार से बस्ती जिला अस्पताल के आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा से विस्तार से बातचीत किया। डा. वर्मा ने अनेकों लकवाग्रस्त मरीजों का सफल इलाज किया है। आइए जानते हैं, लकवा के लक्षण, कारण, देशी और होम्योपैथिक इलाज क्या है।

**.क्या है लकवा (पैरालिसिस) :** लकवा एक वायु रोग है, जिसे पैरालिसिस, लकवा और पक्षाघात के नाम से भी जानते हैं। इसमें मांसपेशियों की कार्यविधि प्रभावित हो जाती है। मस्तिष्क् से अंगों में संदेश पहुंचाने वाली तंत्रिकाओं और रीढ़ की हड्डी प्रभावित होने की स्थिति में लकवा होता है। लकवा किसी एक मांसपेशी या समूह या शरीर के बड़े क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसका प्रभाव ये होता है कि शरीर के किसी एक भाग की मांसपेशियां काम करनी बंद कर देती है। यानी ऐसी अवस्था में लकवा से ग्रस्त व्यक्ति एक से ज्यादा मांसपेशियों को हिलाने में असमर्थ होता है। यह स्थिति तब आती है, जब मांसपेशियों और मस्तिष्क के बीच संचार सही से नहीं हो पाता है। लकवा शरीर के एक क्षेत्र में या पूरे शरीर में हो सकता है यानी शरीर के एक तरफ या दोनों तरफ हो सकता है।

लकवा 3 प्रकार का होता है: मोनोप्लेजिया रू इस प्रकार के लकवे में शरीर का केवल एक अंग प्रभावित होता है। हेमीप्लेजिया रू इस पेरालिसिस में शरीर के एक तरफ का हाथ और पैर लकवाग्रस्त होते हैं। पैराप्लेजिया : कमर से नीचे के अंग लकवाग्रस्त होने को पैरापलेजिया लकवा कहा जाता है। इस रोगी के दोनों पैर प्रभावित होते हैं।



**लकवा के लक्षण:** सामान्यतौर पर लकवा के लक्षण को पहचानना बहुत आसान होता है। ऐसे में मरीज को किसी विशिष्ट भाग में कुछ भी महसूस होना बंद हो जाता है। कई बार अंग में पैरालिसिस होने से पहले झुनझुनी या सुन्नता जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। पैरालिसिस में शरीर का तकवा ग्रस्त हिस्सों की मांसपेशियों पर कंट्रोल खत्म हो जाता है। लकवा के दौरान आपको निम्नलिखित लक्षण देखने को मिल सकते हैं। कभी–कभी मांसपेशियों में ऐठन व दर्द होना, मांसपेशियों में कमजोरी होना, मुंह से लार गिरना,. सिर दर्द, सोचने–समझने की क्षमता में कमी, चेहरे के एक साइड के हिस्से में कमजोरी होना, देखने और सुनने की क्षमता में बदलाव मूड और व्यवहार में बदलाव होना, सांस लेने में परेशानी आदि इसके लक्षण हैं।

**लकवा का कारण:** ऐसे कई संभावित कारण है, जिनकी वजह से किसी व्यक्ति का शरीर परमानेंट या टेंपरेरी रूप से लकवा ग्रस्त हो सकता है। कई मामलों में यह रीढ की हड्डी में चोट या नुकसान के कारण होता है। इसके अलावा निम्नलिखित कारण है, जिनके कारण लकवा हो जाता है। जैसे किसी तरह का अटेक या स्ट्रोक, पोलियो, हड्डी, पीठ या सिर में गहरी चोट, ट्रामा, मल्टीपल स्केलरोसिस, शरीर के एक हिस्से में, हांथ या हाथ–पैर दोनों में कमजोरी महसूस होना। .

**लकवा का देसी इलाज:** लकवा के कुछ निम्नलिखित घरेलू उपाय है, जिसे आप घर पर आसानी से कर सकते हैं। दवाओं और इलाज के माध्यम से लकवा को नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है।गिली मिट्टी का लेप: गिली मिट्टी का लेप पैरालिसिस में बहुत उपयोगी माना जाता है। आप नियमित रूप से लकवा रोगियों में गिली मिट्टी का लेप लगा सकते हैं। यदि आप इसे रोजाना कर सकते हैं तो एक दिन का गेप ले सकते हैं। मिट्टी का लेप लगाने के बाद मरीज को कटीस्नान करना जरूरी होता है। यह उपाय लकवा मरीज के लिए बहुत लाभकारी साबित होता है।ऑयल: लकवा से ग्रसित अंगों में ऑयल लगाने के लिए आपको एक तरह का तेल तैयार करना होगा। इसके लिए आप आधा लीटर सरसों का तेल लें और उसमें 50 ग्राम लहसुन डालें। उसके बाद लोहे की कड़ाही में उसे तब तक पकाएं, जब तक की पानी जल न जाए। उसके बाद उसे ठंडा होने दे और ठंडा होने के बाद डिब्बे में छान कर रख लें। इस तेल से आप रोजाना लकवे वाले अंग पर मालिश करें, इससे आपको फायदा मिलेगा। करेला पैरालिसिस में करेला बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में मरीज को करेले की सब्जी या करेले का जूस का सेवन करना चाहिए। यह आपके शरीर के प्रभावित अंगों में सुधार करता है। यह जरूर ध्यान रखें की इस घरेलू उपाय को रोजाना करना होगा, इससे आपको जल्दी आराम मिल सकता है।

**तुलसी और दही का मिश्रण:** जैसा की सभी लोग जानते हैं कि तुलसी स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होती है। लकवा में आप तुलसी के पत्ते, दही और सेंधा नमक को बराबर मात्रा में मिलाएं और एक तरह का लेप तैयार करें इसके बाद उस लेप को आप लकवा ग्रसित अंग पर लगाएं और मालिश करें। ऐसा करने से आपको लकवा में बहुत आराम मिलेगा।काली मिर्च: लकवा में काली मिर्च के भी बहुत फायदे हैं। ऐसे में आप एक चम्मच काली मिर्च पीसकर रख लें और उसमें तीन चम्मच देसी घी मिलाएं। इसे अच्छे से मिलाने के बाद लेप तैयार कर लें और इस लेप को लकवा वाले अंग पर लगाएं। इससे प्रभावित अंगों में सुधार होगा।

**होम्योपैथी में उपचार:** डा. वी.के. वर्मा बताते हैं कि होम्योपैथी में लकवा का सफल इलाज है। एकोनाइट, कास्टिकम, लाइकोपोडियम, लैकेसिस, कालीफास, मैगफास, बेलाडोना, जेल्सीमियम, कोनियम, साइलेसिया, आदि दवायें लक्षणानुसार चिकित्सक की देखरेख में ली जा सकती हैं। सबसे खास बात ये है कि मरीज के लिये पहला घण्टा, पहला दिन और पहला हता उपचार के लिये सबसे उपयुक्त होता है।

डा. वी.के. वर्मा, जिला अस्पताल बस्ती में तैनात आयुष विभाग के नोडल अधिकारी हैं। आपने करीब 35 साल के चिकित्सा अनुभवों के आधार पर लाखों रोगियों का सफल इलाज किया है। इन्होने बस्ती से फैजाबाद मार्ग पर पटेल एस.एम.एच. हॉस्पिटल एवं पैरामेडिकल कालेज, बसुआपार में डा. वी.के. वर्मा इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सहित कई विद्यालयों की स्थापना की है। खास बात ये है कि इनके अस्पताल में दवाओं के अतिरिक्त रोगियों से कोई चार्ज नही लिया जाता। दवाओं के भुगतान में भी डा. वर्मा गरीबों, पत्रकारों, साहित्यकारों की मदद किया करते हैं। इनकी सेवाओं या परामर्श के लिये इस नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है। मो.न. 9415163328

# श्री वेद मंदिर में झूलनोत्सव चर्मोत्कर्ष पर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

अयोध्या।श्री राम नगरी में सावन झूला उत्सव अब पूरे शबाब पर है। लाखों श्रद्धालु अयोध्या में आकर के ठाकुर जी को झूला झूला रहे हैं वही शाम होते ही मंदिरों से हारमोनियम तबले और ढोल कि थाप गुंजायमान हो उठती है और संगीत की मधुर धुन से पूरी अयोध्या संगीत रस माधुरी आनंद में सराबोर हो उठती है।श्री राम लला के परकोटे में स्थित श्री वेद मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश दास के सानिध्य में



झूलनोत्सव पूरे शबाब पर है इसका समापन पूर्णिमा को होगा मंदिर परिसर में देश विदेश से आए श्रद्धालु।.. सावन की बरसे ठंडी फुहार, पेड़ों में लगी है झूले की कतार...झूला झूल रहे रघुवर सरकार।ष्जैसे भक्ति माई पदों का आनंद ले रहे है। महंत राम नरेश दास ने बताया की अयोध्या में झूलनोत्सव की परंपरा अनादिकाल की है और भक्ति रस से सराबोर होती है देश के कोने–कोने से आए श्रद्धालु आनंद लेते हैं। वही कनक भवन परिसर में स्थित दरबार श्री लालसाहब की झूलन पर अद्भुत अलौकिक झांकी देख देश विदेश से आए श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे है और पूरा उत्सव पूर्वाचार्य गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद से महंत रामनरेश शरण के सानिध्य में चल रहा है इसमें देश–विदेश के भक्त गण मंदिर में उपस्थित होकर के झूलनोत्सव का लाभ उठा रहे है शाम होते ही जरा झूलो न लाला हमारे संग..तुम प्रितम हम प्यारी बनी है...लागो है नेह पिया तुम्हरे संग...जरा झूलो न लाला हमारे संग। जैसे भक्ति माई पदों से गुंजायमान हो उठती है और बरबस ही मेला देखने आए श्रद्धालु मंदिर की तरफ मुड़ जाते हैं और झूलनोत्सव के साथ लाल साहब सरकार का दर्शन कर भाव विभोर हो उठते है। किसके साथ कनक भवन मणिराम दास स्वामी श्री राम वल्लभा कुंज बड़ा स्थान जानकी घाट सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में झूलनोत्सव चरम पर है।

# प्राथमिक शिक्षामित्र संघ इकाई बेलसर गोंडा की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र में संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रावेन्द्र कुमार सिंह रिंकू सिंह व संचालन रमेश कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष बेलसर ने की बैठक में जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्र अतिथि के रूप में उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्र ने अवगत कराया की सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की लगातार उपेक्षा की जा रही है विगत छरू वर्ष के मध्य शिक्षामित्र के भविष्य हेतु कोई सार्थक पहल नहीं किया गया इस अवधि में सरकार से लगातार सामंजस्य बनाते हुए मांग पत्र भी उपलब्ध कराया गया जिस पर कोई सार्थक पहल नहीं की गई संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार शिक्षामित्र अपने मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा हेतु 3 सितंबर 2023 को क्षेत्रीय माननीय सांसद के आवास का घेराव करते हुए मांग पत्र सौंपेंगे तत्पश्चात 9 अक्टूबर को शिक्षामित्र सम्मान बचाओ रैली का आयोजन लखनऊ की धरती पर किया जायेगा जिसमें पूरे प्रदेश के शिक्षामित्रों के साथ साथ जनपद के हजारों शिक्षामित्र प्रतिभा करेंगे जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्र ने जनपद के समस्त शिक्षा मित्रों से अपील की कि संगठन के समस्त कार्यक्रमों में सक्रियता दिखाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का सहयोग करें बैठक में विनायक उपाध्याय ब्लॉक संरक्षक राकेश रंजन मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह सुनील पाठक अजय सिंह मनोज कनौजिया सुशील शुक्ला सूर्य मोहन मिश्रा दूधनाथ सुशील विश्वकर्मा सत्येंद्र पाठक कुलदीप सिंह मनोज सिंह भोले शंकर अरुण उपाध्याय सुरेश चंद द्वारिका प्रसाद शिव सहाय ममता सिंह सरिता शुक्ला राजकुमार मौर्य रामसेवक सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहे ताले शौचालयों पर केयर टेकर को प्रति माह नौ हजार भुगतान

## शौचालय के चारो तरफ झाड़ियों में तब्दील संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान





दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा।सिर्फ कागजों में ही सामुदायिक शौचालय के लाभ ग्रामीणो को मिल रहें हैं जबकि हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है, सामुदायिक के न खुलने, गंदगी, झाड़ी आदि के होने ,फर्श,आदि टूटे,होने तथा शौचालय के अंदर गंदगी व्याप्त होने, शौचालय में पानी की व्यवस्था सही न होने से ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं।मामला विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत बेलवाकर्मडीह ,भरियालाबेद पुर, भोपालपुर ,भवानीपुर उपाध्याय,नौशहरा नरायन पुर माफी परसौरा महेशपुर,राजा जोत सहित दर्जनों गावं से जुड़ा हुआ है जहां सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है । और आसपास गंदगी के अंबार लगे हुए हैं तथा ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है ।गांवों को गंदगी मुक्त कर स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने का सपना जो सरकार ने देखा था । लेकिन विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के उदासीनता के चलते सरकार के सपनों पर पानी फेर रहें हैं । सामुदायिक शौचालय में ताले लटक रहें हैं जबकि शौचालयों पर केयर टेकर को प्रति माह छ हजार रुपए तथा शौचालय के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए तीन हजार रूपये त्रिमासिक दिए जा रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है और खुले में शौच के लिए आए दिन लोगों को बाहर जाने के लिए विबस हो रहे हैं आए दिन शौचालय में बंद रहता है ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है ।इस संबंध मे डीपीआरओ लालजी दुबे ने बताया कि सभी गावों में समय से सामुदायिक शौचालयों को खोला जा रहा है अगर किसी गावं में शौचालय बंद है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


# अधिकारी सोशल मीडिया के खबरों का नहीं लेते संज्ञान जन शिकायतों पर आखिर कौन देगा ध्यान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। भारतवर्ष एक तरफ जहां चांद पर पहुंचकर अपना परचम लहरा रहा है तो वहीं हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोग अपने बड़े–बड़े कल कारखानो उद्योगों व्यवसायों को एक कमरे में बैठकर उसकी पूरी मॉनिटरिंग कर रहे हैं और यह कहना गलत नहीं होगा की पूरी दुनिया आदमी की मुट्ठी में है देश प्रदेश की मोदी योगी सरकार डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने का भरसक प्रयास कर रही है जिसका परिणाम भी सामने आ रहा परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि वर्तमान समय में जिले में तैनात अधिकांश उच्च अधिकारी सोशल मीडिया व्हाट्सएप फेसबुक ट्विटर पर जनता द्वारा तरह–तरह अपलोड कर अपनी समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचने का प्रयास करते हैं पास पड़ोस के जिलो के अधिकारी उक्त सोशल मीडिया पर वायरल समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हैं उसका हर संभव निस्तारण भी करते हैं परंतु जनपद बलरामपुर के अधिकांश अला हकीम फेसबुक व्हाट्सएप ट्विटर पर डाले गये समस्याओं का समाधान तो दूर उसे देखना भी उचित नहीं समझते जिसके कारण छोटी–छोटी समस्याएं कभी–कभी बड़ी समस्या का रूप ले लेती हैं और आम जनता उसी में उलझी रहती है बताते चलें कि शासन द्वारा भी सोशल मीडिया पर वायरल समस्याओं का निस्तारण करने का आदेश निर्देश दिया जाता रहता है बावजूद इसके स्थानीय जिला प्रशासन इसे कोई तरजी नहीं देता

# मिल बांट कर खाने का माध्यम बना मनरेगा व वित्त,कागज में हो रहे दो भुगतान




Payment Voucher Details

पंकज चौबे सिद्धार्थनगर/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

बढ़नी। विकास क्षेत्र में इस समय मनरेगा योजना व मिल बांट कर खाने का माध्यम बना हुआ है। उदाहरण के तौर पर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहटी में पंचायत भवन के प्रांगण में मिट्टी पटाई के नाम पर 162370 का भुगतान किया गया 5अगस्त को किया गया है, जिस पोखरे से मिट्टी निकाल कर पंचायत भवन के प्रांगन में पटाई की गई उसी पोखरे का मनरेगा से लोहटी में लक्ष्मी मंदिर के पास अमृत सरोवर निर्माण कार्य दिखाकर 21/06/23 में 256682 रुपए का भुगतान किया गया है। उल्लेख है कि शासन स्तर से मनरेगा योजना में लूट खसोट रोकने के लिए सीधे मजदूरों के खाते में मजदूरी भेजी जाती है। व वित्त से हुए कार्य का भुगतान फर्म में किया जाता है ।वही ग्राम सचिव सारे नियम को तक पर रख वित्त का भिगतान ग्राम प्रधान व अन्य के निजी खाते में कर रहे है।

> “ जिस पोखरे से मिट्टी निकाल कर पचायत भवन के प्रांगण में पटाई किया गया है उसमे मनरेगा से भी कार्य हुआ है यह हमे जानकारी नहीं है...........
>
> *ग्राम पंचायत सचिव अनुपम सिंह*
>
> “ .पंचायत भवन के प्रांगण में जो मिट्टी पटाई हुआ है या मनरेगा से जो कार्य हुआ है उसके बारे में हमे कोई जानकारी नहीं है.................
>
> *ग्राम प्रधान राम छबीले*

# पत्रकार के निधन पर शोक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। जिले के लोकप्रिय इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार सिंहेश ठाकुर का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही उसका बाजार नगर एवम ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों में शोक छा गया। एक युवा, होनहार, निर्भीक एवम वाकपटु पत्रकार का असमायिक संसार से चले जाना पत्रकार सहित प्रबुद्धजनों, सामाजिक लोगो और उनके जान पहचान वाले लोगो को झकझोर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल सहित समाजसेवी श्रीधर पाण्डेय, पत्रकार रामायन मिश्रा, बीरेंद्र पाण्डेय, अभय श्रीवास्तव, रूपेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, देवेंद्र श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, अनंत कुमार मिश्र, पवन कुमार जायसवाल, पिंटू दूबे आदि लोगो ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

# रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त 31 को : पं0 सूर्यप्रकाश मणि त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। भाई बहन के अमर प्रेम का



महापर्व रक्षाबंधन की तिथि को लेकर इस बार द्वंद है। कैलेंडर में रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को अंकित है। जबकि विद्वानों का मत है कि रक्षाबंधन 31 अगस्त को मनाना श्रेयस्कर है। इस संबंध में धानी महराजगंज के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवम कर्मकांड के विद्वान पंडित सूर्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि रक्षाबंधन उदयातिथि में मनाने का विधान है। 30 अगस्त को भद्रा है शाम को मुहूर्त है तो उचित नही है। 31 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 5 बजे से 8 बजकर 30 मिनट तक रक्षा विधान का उत्तम योग है। प्रातः काल में पूर्णिमा होने से सब दिन मानी जाएगी। इसलिए 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पर्व मनाना श्रेयस्कर रहेगा।

# विवादों में लगातार घिरते जा रहे हैं रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद

सरवन पाण्डेय/दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली धीरसेन निषाद पहली बार जब जनता ने मताधिकार के प्रयोग से जब पहली बार रुधौली की जनता ने नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया था तो लोगों को काफी उम्मीद थी कि नगर पंचायत का कायाकल्प बदल जाएगा लेकिन महज दिखावा साबित हुआ। पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में लगातार भ्रष्टाचार में डूबी नगर पंचायत रुधौली के अध्यक्ष ने काफी धनबल इकट्ठा कर जिससे पुनः पैसों की मदद एक बार फिर नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हुआ। लेकिन इस बार माहौल, व्यवहार, कार्यशैली में काफी बदलाव दिखा। रुधौली के पहले बोर्ड बैठक के दिन से ही सभासदों ने प्रश्न चिन्ह लगना शुरू कर दिया पिछले कार्यकाल में हुए के विकास कार्य का खाका मांगना शुरू किया जिसका जवाब देने में असमर्थ दिखे। यही नहीं दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद सिद्धार्थ नगर जनपद की एक महिला की हत्या का मामला शांत ही नहीं हुआ था कि स्थानीय पत्रकार अनूप बरनवाल के साथ खबर चलाने के लिए कर मारपीट जिसमें उनके तीन गुर्गो की गिरतारी शांति भंग जैसी धाराओं में हुई थी। इसके पहले भ्रष्टाचार की खबर एक दैनिक पेपर में नगर पंचायत रुधौली की खबर छपी थी। ताजा मामला रुधौली थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक बस्ती पत्र देकर नौकरी के नाम पर के शारीरिक शोषण, बलात्कार सहित अन्य मामले की है। पीड़ित महिला ने बताया कि गांव के ही युवक मायाराम पाठक द्वारा विश्वास मनाते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली के पास जाओ और निश्चय ही तुमको नौकरी दिलवाएंगे। लेकिन गांव के इस युवक ने दरिंदे अध्यक्ष के करतूतो के बारे में नहीं बताया इसके लिए क्या–क्या कीमत तुमको चुकानी पड़ेगी। कोरोना कल में अच्छे–अच्छे लोग भी मजबूर हो चुके थे घर की आर्थिक स्थितियों की काफी खराब हो गई थी। ऐसे में थाना क्षेत्र रुधौली की युवती द्वारा भी बलात्कार,छेड़खानी सहित शारीरिक शोषण जैसी घटिया हरकत नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली के साथ करना पड़ा।पीड़ित महिला ने बताया कि मरता क्या नहीं करता वाली तर्ज पर सब कुछ करने को मजबूर हो गई लेकिन नौकरी न मिलने अब न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि नौकरी के नाम पर कभी आवास पर, तो कभी गौशाला पर, तो कहीं एकांत जगह बुलाकर मेरे साथ शारीरिक शोषण बलात्कार करते थे कई माह बीत जाने के बावजूद भी नौकरी न देने के बाद हमने रिकॉर्डिंग को वायरल करने को कहा तो अगस्त 2022 में नौकरी दिया। इसके बावजूद भी मेरा शारीरिक शोषण करना बंद नहीं हुआ,यहां तक की कई बार गर्भपात भी करनी पड़ी लेकिन यह निर्दयी व बहसी नगर पंचायत अध्यक्ष अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।ऐसे में पुलिस अधीक्षक बस्ती, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती,पुलिस महानिदेशक गोरखपुर,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सहित अन्य जगहों पर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने बताया कि यदि ऐसे दरिंदे पर बहसी युवक पर कार्यवाही नहीं हुई तो पुलिस अधीक्षक बस्ती के सामने आत्मदाह आकर अपनी जान दे देंगे। पीड़िता ने यह भी कहा कि अब लोग मुझे हेय .ष्टि से देखने लगे ऐसे में हम जीकर भी क्या करेंगे।

- **महिला सफाई कर्मचारी ने लगाया बलात्कार का आरोप**
- **भ्रष्टाचार,हत्या,बलात्कार,खबर चलाने पर पत्रकार से मारपीट, धमकी के अलावा और भी क्या-क्या आरोप लगने के बावजूद भी कुछ भी प्रशासन करने में हैं असमर्थ,**



# सांसद जगदंबिका पाल ने सैकड़ो लोगो के साथ सुनी मन की बात

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी सिद्धार्थनगर इटवा विधानसभा के इटवा मंडल के शक्ति केंद्र महादेवा घुरहू बूथ संख्या 103 पर सांसद जगदंबिका पाल ने सैकड़ो लोगो की संख्या में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सुना, सांसद जगदंबिका पाल के साथ उस बूथ के सभी मंडल पदाधिकारी,कार्यकर्ता तथा जनमानस अपने बीच में सांसद को पाकर काफी उत्साहित दिखे मन की बात कार्यक्रम के आयोजन के बाद चौपाल का भी आयोजन किया गया जिसमें सांसद डुमरियागंज ने जी 20 सम्मेलन, युवा वर्ग को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुत आगे बढ़ रहा है और आज हमारा देश पूरे विश्व को चंद्रमा की तस्वीर देने वाला पहला देश बन गया अब हम विकसित देश की तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे हैं इस अवसर पर सागर प्रसाद चौधरी पूर्व जिला मंत्री, शैलेश पाठक अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, गिरीश चतुर्वेदी, हरि यादव, लवकुश चौधरी, सुनील पांडे, बरसाती यादव, राजकुमार अग्रहरि, रामकुमार, जमीदार सिंह, पंकज सिंह अखंड पाल, अग्रहरि, राधेश्याम वर्मा, संजय राधेश्याम बूथ अध्यक्ष, मुरलीधर अग्रहरि, सहित गांव की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।






# अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे नित्य तिरंगा फहराया जा रहा



दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। भारत नेपाल सीमा पर अब शहीदों के सम्मान मे अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे नित्य तिरंगा फहराया जा रहा है। सीमा अलीगढवा मे एसएसबी द्वारा मुख्य द्वार के सामने सूर्य उदय के साथ तिरंगा फहराने का कार्य किया जाता है। जवान सलामी देकर फहराते है, सायं को सलामी के साथ तिरंगे को उतारते है। प्रभारी कमांडेंट शक्ति सिंह ने बताया अमृत महोत्सव, वा शहीदों के सम्मान मे नित्य सीमा के सभी मुख्य द्वार पर तिरंगा फहराया जाता है।

# नदी में डूबने से युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। अगस्त जनपद के कलवारी थाना क्षेत्र के नौराहनी घाट में नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई।मिली



जानकारी के अनुसार मृतक राजेश पुत्र चौहान मूल रूप से बुद्धा कला जनपद संतकबीर नगर रहने वाला था आज नदी में नहाने गया जहां पर नदी में पैर फिसलने से नदी में डूबने से मौत हो गई ।घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कलवारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गोताखोरों के द्वारा खोज की जा रही है।

# भाजपा कार्यालय पर मतदाता चेतना कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी सिद्धार्थनगर के जिला कार्यालय पर जिला संयोजक कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में मतदाता चेतना



कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे इस कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष तथा जिले में निवास करने वाले पदाधिकारी सम्मिलित हुए कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदाता बढ़ाने का मूल मंत्र दिया गया ताकि बूथ स्तर पर जो 18 वर्ष के ऊपर हो गए हैं उनको जोड़ने के साथ ही साथ जिन लोगों का नाम किसी कारण बस छूट गया है उन लोगो के नाम को भी बूथस्तर पर लगकर बी एल ओ के माध्यम से बढ़वाने के लिए कहा गया सांसद जी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आज हमारे कार्यों की प्रशंसा पूरे विश्व में हो रही है मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है जहां आज तक कोई देश चंद्रमा पर नहीं पहुंच सका वहां मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश के वैज्ञानिक दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिग कराकर पूरे विश्व को चंद्रमा की तस्वीर देने का कार्य कर रहे हैं आज का भारत पूरी तरह से बदल चुका है यह ताकत हमे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बदौलत ही मिली है यह धरती माधव प्रसाद त्रिपाठी की धरती है और आज सिद्धार्थनगर के कार्यकर्ता किसी भी कार्यक्रम में या अभियान में हमेशा पहले पायदान पर रहते हैं उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कही इसी तरह चिल्हिया मंडल में भी मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में ओटर चेतना महा संपर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया

# विकास भवन सभागार में भारतीय मजदूर संघ का बैठक हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी व कामगारों की समस्याओं के समाधान हेतु 27 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिए विकास भवन सभागार में रविवार को बैठक हुई।मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ अवध प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री राय प्रदीप चंद ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य सभी असंगठित कर्मियों के हितों की रक्षा करना है। कहा कि कार्य के कई क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें कामगार को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नही है। संविदा पर कार्य करने वाले कर्मियों का प्रायः उत्पीड़न किये जाने की सूचना मिलती रहती है। नवीनीकरण, मानदेय, प्रोत्साहन राशि देने में धनादोहन कर शोषण किया जाता है। इससे निजात दिलाने और सभी असंगठित क्षेत्र के कर्मियों को बीमित करने, इनके लिए सेवा नियमावली बनाने, सम्मान जनक जीवन यापन के लिए वेतन दिलाने, सभी को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने के साथ ही राज्यकर्मचारी के दर्जा देने की मांग के लिए संघर्ष का रास्ता चुना है। इसलिए सभी लोग 27 सितंबर को बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंच अपनी ताकत का एहसास सरकार को कराएं। कहा कि बीएमएस एक गैर राजनीतिक संगठन है, यह कभी अराजकता की पक्षधर नही रहा है बल्कि इसका नारा है देश हित में काम करेंगे, काम के बदले दाम लेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधे.ष्ण त्रिपाठी, विभाग प्रमुख अशोक सिंह, जिलामंत्री ओपी गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अजय गुप्ता, केशभान यादव, शैलेंद्र गुप्ता, हरिशंकर सिंह, आशुतोष यादव, विनीता मिश्रा, संगीता यादव, इंद्रावती चौधरी, राजश्री आदि मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

**चर्चा है कि पहले चरण में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, अल्जीरिया और अर्जेंटीना को ब्रिक्स से जोड़ा जाएगा। सदस्यता के लिए अर्जी देने वाले बाकी 18 देश अभी फ्रेंड्स अॉफ ब्रिक्स के रूप में मौजूद रहेंगे। आपसी मुद्राओं में कारोबार तो पहले से ही जोर पकड़ रहा है। इसके लिए भारत खास उत्साहित रहा है। चूंकि यह चलन सभी विकासशील...**

# ब्रिक्स की नई यात्रा

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो–टूक एलान किया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन में नए देशों को ब्रिक्स में शामिल करने के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। अपने 15वें शिखर सम्मेलन के साथ पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं– ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका– का मंच ब्रिक्स अब एक नई यात्रा शुरू करने जा रहा है। बुधवार इस शिखर सम्मेलन में महत्त्वपूर्ण दिन रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो–टूक एलान कर दिया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। मोदी के भाषण पर सबकी निगाहें टिकी थीं, क्योंकि पिछले कुछ समय से पश्चिमी मीडिया में कई भ्रामक खबरें थीं। उनमें बताया गया था कि भारत ब्रिक्स के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए नया भुगतान सिस्टम बनाने की ब्रिक्स की कोशिश का विरोध कर रहा है।




जबकि ये दो मुद्दे ही दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रमुख मुद्दा थे। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले यह बात साफ हो गई थी कि ब्रिक्स जोहानेसबर्ग शिखर सम्मेलन में अपनी अलग करेंसी का एलान नहीं करेगा। इसके बजाय वहां चर्चा ब्रिक्स देशों के बीच आपसी कारोबार में भुगतान अपनी मुद्राओं में करने का सिस्टम बनाने पर होगा। इसे आर–5 यानी रुपया, रेनमिनबी, रुबल, रैंड और रियाल– के बीच सहयोग के नाम से जाना जा रहा है। ब्रिक्स में विस्तार को भारत के समर्थन की घोषणा के तुरंत बाद विस्तार के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव शिखर सम्मेलन में पारित कर दिया गया। यानी अब विस्तार एक हकीकत बनने जा रहा है। चर्चा है कि पहले चरण में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, अल्जीरिया और अर्जेंटीना को ब्रिक्स से जोड़ा जाएगा। सदस्यता के लिए अर्जी देने वाले बाकी 18 देश अभी फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स के रूप में मौजूद रहेंगे। आपसी मुद्राओं में कारोबार तो पहले से ही जोर पकड़ रहा है। इसके लिए भारत खास उत्साहित रहा है। चूंकि यह चलन सभी विकासशील देशों के हित में है, इसलिए इसे और गति मिलना भी अब एक वास्तविक संभावना है। हालांकि जोहानेसबर्ग आए किसी नेता ने यह कहा नहीं है, लेकिन वहां हुए फैसले साफ संकेत देते हैं कि अपनी नई यात्रा में ब्रिक्स जी–7 के वर्चस्व के लिए एक बड़ी चुनौती बनेगा। आर्थिक ताकत, सियासी इरादा, और वक्त की धारा– ये सभी अब ब्रिक्स के अनुकूल हैं।

# खडगे की कमेटी पर सोनिया की छाप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की बनाई कार्य समिति पर सोनिया गांधी की



स्पष्ट छाप दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि सोनिया की कांग्रेस की वापसी हो गई है, जिसमें कुछ नए सदस्य इसलिए जगह पा गए हैं क्योंकि वे राहुल गांधी या प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी हैं और उनके प्रति निष्ठावान हैं। अगर कोई आंख बंद करके सोनिया गांधी की दो दशक पुरानी टीम को याद करे तो ज्यादातर चेहरे खडगे की टीम में भी दिखाई देंगे। पदेन सदस्यों को छोड़ दें जैसे पूर्व अध्यक्ष सोनिया व राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी तो 39 सदस्यों की मुख्य कमेटी और विशेष आमंत्रित व स्थायी आमंत्रित सदस्यों में लगभग सारे पुराने चेहरे दिखेंगे। खडगे की कार्य समिति में ऊपर से नाम पढना शुरू करें तो एके एंटनी का नाम दिखेगा, अंबिका सोनी और दिग्विजय सिंह का नाम दिखेगा, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा का नाम दिखेगा, मीरा कुमार और पी चिदंबरम का नाम दिखेगा, अजय माकन और कुमारी शैलजा का नाम दिखेगा, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश का नाम दिखेगा। वह तो अच्छा हुआ कि खडगे ने 23 की जगह कार्य समिति में 39 सदस्य बनाए अन्यथा जो थोड़े बहुत नए लोग इसमें दिख रहे हैं उनको जगह नहीं मिल पाती। इसी तरह स्थायी आमंत्रितों की सूची में वही वीरप्पा मोईली, वही हरीश रावत, पवन बंसल, मोहन प्रकाश, बीके हरिप्रसाद, रमेश चेन्निथला, प्रतिभा सिंह, टी सुब्बीरामी रेड्डी आदि मौजूद हैं। वहां भी नए लोगों को इसलिए जगह मिल पाई क्योंकि विशेष आमंत्रित श्रेणी में 32 सदस्यों को रखा गया है। अगर उनकी संख्या कम होती तो नए लोगों को छोडना ही पड़ता।

# उपलब्धि को फीका करती घृणा

**सभी को यह समझना होगा कि यह उपलब्धि पूरी तरह भारतीय तो है ही, सामूहिक भी है। किसी धर्म या राजनैतिक विचारधारा से इसका कुछ लेना–देना नहीं है। वैज्ञानिक शोध सार्वभौमिक होते हैं जिन पर किसी मजहब या राजनीति से कोई लेना–देना नहीं होता। यदि हम अपनी इस महान उपलब्धि को इस प्रकार से सीमित करेंगे तो हमें इसके प्रति अन्य देशों से सम्मान की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। पहले ...**

भारत के चन्द्रयान–3 के बुधवार की शाम को चन्द्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने से बहुत पहले ही उसकी कामयाबी लगभग निश्चित समझी जा रही थी साथ ही यह भी तय माना जा रहा था कि इसकी सफलता से (या कहें कि असफल होने पर भी) राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक– तीनों ही तरह के आपसी मतभेद सामने आ जाएंगे। इस उपलब्धि के लिये छीना–झपटी होने का पूर्वानुमान था और यह भी पहले से ही सोच लिया गया था कि इसका उपयोग अपने राजनैतिक विरोधियों और अलग तरह की धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों या समूहों के लिये किया जायेगाय पर यह सब इतनी जल्दी होगा, यह नहीं सोचा गया होगा। वैज्ञानिक उपलब्धियां किसी एक देश की नहीं वरन समग्र मानव के ज्ञान व प्रतिभा की देन मानी जाती है। वैज्ञानिक विकास किसी एक देश का नहीं बल्कि वैश्विक होता है। इसलिये विज्ञान सम्बन्धी विचारों और शोधों–आविष्कारों का प्रतिफल दुनिया भर को मिलता हैय पर भारतीयों ने अपनी इस उपलब्धि को बहुत संकीर्ण तो बना ही दिया है, उसका उपयोग वे परस्पर नफरत फैलाने के लिये वैसा ही कर रहे हैं जैसा कि धर्म, राजनीति या सामाजिक विचारों का, विशेषकर हाल के वर्षों में करते आ रहे हैं। ऐसा करके हम न सिर्फ इस बड़ी उपलब्धि को छोटा बना रहे हैं वरन देश–दुनिया के तरक्की पसंद व वैज्ञानिक चेतना से युक्त वर्गों के बीच स्वयं का कद भी घटा रहे हैं।

चन्द्रयान–3 की सफलता से यह तो साबित हो गया है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा असीम है और वे अपनी उपलब्धियों का झंडा सर्वोच्च ऊंचाइयों तक फहराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो अपनी संकीर्णताओं से ऊपर उठना ही नहीं चाहते। वे नफरत के कीचड़ में गहरे धंसे हुए ही संतुष्ट हैं। अमेरिका, रूस व चीन जैसी सबसे बड़ी अंतरिक्ष शक्तियों के समकक्ष आने के बाद भी हम इस कामयाबी को उसी चश्मे से देख रहे हैं जिसका एक लेंस राजनैतिक विचारों का है तो दूसरा मजहबी है। वैज्ञानिक उपलब्धि को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसने की बजाय ऐसे लोग चन्द्रयान–3 की सफलता को घृणा बढ़ाने का एक औजार बना रहे हैं। विज्ञान इंसानों को संकुचित विचारों से बाहर निकालने का काम करता है लेकिन लगता है कि भारत में विज्ञान जैसी विधा का भी उपयोग परस्पर नफरत बढ़ाना ही हो गया है। इसलिये इस उपलब्धि पर जो लोग झूम रहे हैं वे अपने मजहब और राजनैतिक विचारों के कारण, न कि विज्ञान में कोई रुचि या विश्वास के चलते। नफरत फैलाने व विरोधी विचारधारा के लोगों को नीचा दिखाने की जल्दबाजी देखिये कि अभी चन्द्रयान–3 ने अपना काम चांद की सतह पर ठीक से प्रारम्भ भी नहीं किया था और आनन–फानन में सोशल मीडिया पर इस कामयाबी को अपनी झोली में डालने के लिये वे लोग उतर पड़े जो मानते हैं कि विकास 2014 के बाद ही हुआ है। कहा जा रहा है कि श्देश की वैज्ञानिक प्रतिभा का सही इस्तेमाल अब कहीं जाकर प्रारम्भ हुआ है।श इसके पहले भारतीय अंतरिक्ष शोध संगठन (इसरो) के अस्तित्व को नकारना तो उनके लिये सम्भव नहीं था लेकिन बहुत चालाकी बरतते हुए संस्थान के आगे बढ़ने का श्रेय विक्रम साराभाई को दिया गया– माइनस जवाहरलाल नेहरू का नैरेटिव गढ़ते हुए। यह जानते हुए भी कि इसरो उन्हीं की देन है लेकिन उन्हें श्रेय न देकर वे अपने उन राजनैतिक आकाओं को खुश करना चाहते होंगे जिन्होंने हाल ही में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू संग्रहालय का ही नाम बदल डाला है। एक पूरा समूह बुधवार की शाम से विरोधी विचारधारा, खासकर कांग्रेस के शासनकाल व उसकी उपलब्धियों पर पिला पड़ा हुआ है।

हालांकि ये लोग इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि अगर भारत सरकार की देश के वैज्ञानिक विकास में इतनी ही रुचि है तो अंतरिक्ष विज्ञान विभाग के 2023 के बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की गयी है? जिसके कारण चन्द्रयान–3 और आदित्य एल–1 जैसी परियोजनाओं को 12500 करोड़ रुपये कम मिले। यह उससे पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी कम राशि थी। अगर बात सियासी मतभेदों तक सीमित होती तो बहुत दिक्कत नहीं थी क्योंकि कांग्रेस मुक्त नारे के साथ आई मौजूदा सरकार हर कदम पर पूर्ववर्ती सरकारों को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ती जो मानती है कि 2014 के पहले कुछ विकास ही नहीं हुआ था। इस उपलब्धि का सबसे दुखद दुरुपयोग वैसा ही हो रहा है जिसकी आशंका थी और जिसका देश आदी हो चुका है। नफरतियों ने चांद पर चन्द्रयान के उतरने को एक मजहब के अनुयायियों पर जीत के रूप में पेश कर दिया है। इस आशय के मीम, संदेश और कार्टून सोशल मीडिया पर खूब वायरल किये जा रहे हैं कि श्कुछ देशों के तो केवल झंडों पर चांद है लेकिन भारत ने तो चांद ही फतह कर लिया है।श ये तो बहुत थोड़े से उदाहरण हैं। इस सफल चन्द्रयान–3 मिशन की आड़ में परस्पर वैमनस्य व घृणा का सैलाब ही सोशल मीडिया बह रहा है।

सभी को यह समझना होगा कि यह उपलब्धि पूरी तरह भारतीय तो है ही, सामूहिक भी है। किसी धर्म या राजनैतिक विचारधारा से इसका कुछ लेना–देना नहीं है। वैज्ञानिक शोध सार्वभौमिक होते हैं जिन पर किसी मजहब या राजनीति से कोई लेना–देना नहीं होता। यदि हम अपनी इस महान उपलब्धि को इस प्रकार से सीमित करेंगे तो हमें इसके प्रति अन्य देशों से सम्मान की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। पहले हम तो इस कामयाबी का सम्मान करना सीखें। यह उपलब्धि देश की मेधा और समर्पण का एक बड़ा हासिल है और यह किसी एक वर्ग की नहीं समग्र मानव की उपलब्धि है। उसे वैसा ही लिया जाना चाहिये।


# प्रिगोजिन की मौत, पुतिन का बदला ?

**क्रेमलिन में भी मतभेद हैं जो बढ़ते जा रहे हैं और रूसी नेतृत्व की विभिन्न शाखाओं में समन्वय भी नहीं है। वेगनर से जुड़े एक समूह ग्रे जोन ने टेलीग्राम पर धमकी दी है कि ष्इस हत्या के नतीजे गंभीर होंगे और जिन लोगों ने इसका हुक्म दिया है वे सेना के मूड और उसके मनोबल को बिलकुल नहीं समझते हैं।ष जहां तक व्लादिमिर पुतिन का सवाल है, हो सकता है आज उन्होंने अपनी स्थिति को मजबूत कर ...**

श्रुति व्यास

यह तो होना ही था। रूस की प्राईवेट आर्मी के प्रमुख येवगेनी प्रिगोजिन की मौत का फरमान उसी दिन जारी हो हो गया था जिस दिन उन्होंने व्लादिमिर पुतिन के खिलाफ नाकाम बगावत की थी। रूसी बदला लेने के लिए जाने जाते हैं और पुतिन का ट्रेक रिकार्ड है वे किसी को नहीं बख्शते, अपनों को भी नहीं। व्लादिमिर पुतिन के दौर में तो किसी का बचना मुमकिन ही नहीं है। प्रिगोजिन ने न केवल पुतिन की पीठ में छुरा भोंका था बल्कि उनकी बगावत से पुतिन की सत्ता, जिसे स्थिर माना जाता था, की कमजोरियां भी सामने आ गईं थीं। पुतिन की सर्वोच्चता की कलई खुल गई थी। गद्दार कभी दुबारा पुतिन का भरोसा हासिल नहीं कर पाते और वे अपने विरोधियों को दो श्रेणियों में बांटने के लिए जाने जाते हैं दृ दुश्मन और गद्दार।

प्रिगोजिन की बगावत ने उन्हें निश्चित ही उन्हें दूसरी श्रेणी में रख दिया था। कई लोगों को तब बहुत आश्चर्य हुआ था जब पुतिन ने टेलिविजन पर देश को संबोधित करते हुए प्रिगोजिन को बेलारूस के अलेक्जेन्डर लुकासेन्को से सौदेबाजी करने और रूस से बाहर जाने की इजाजत दे दी थी। लेकिन प्रिगोजिन लंबे समय तक जीवित रह पाएंगे, इसमें गंभीर संदेह था। सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न्स का कहना है कि ष्बदला एक ऐसा व्यंजन है जिसे पुतिन ठंडा परोसा जाना पसंद करते हैं।ष



और बगावत के ठीक दो महीने बाद, 23 अगस्त को पुतिन ने बदला लिया। कम से कम लगता तो यही है। प्रिगोजिन का हवाईजहाज दृ जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया हुआ है दृ करीब 30,000 फीट की ऊँचाई पर उड़ रहा था। वह अचानक तेजी से नीचे गिरने लगा और जमीन पर गिर पड़ा। विमान में सवार सभी दस लोग मारे गए। रूस की एविएशन एजेंसी और सरकारी मीडिया के अनुसार इनमें प्रिगोजिन भी थे। प्रिगोजिन के वेगनर ग्रुप के प्रमुह सिपहसलार दिमित्री उत्किन, जिन्होंने जून में मास्को के लिए कूच करने वाले फौजी दस्ते का नेतृत्व किया था, का नाम भी यात्रियों की सूची में था। अभी तक पक्के तौर पर यह पता नहीं चला है कि इस विमान दुर्घटना की वजह क्या थी? चश्मदीदों ने जेट के गिरने से पहले विस्फोट की आवाज सुनने की बात कही है, जिससे ऐसा लगता है कि एयर डिफेन्स फोर्सेज ने जहाज को मार गिराया।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय मानता है कि निश्चित ही यह पुतिन के हुक्म पर किया गया होगा। अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ शब्दों में कहा कि ष्क्या हुआ इसकी सटीक जानकारी मुझे नहीं है लेकिन जो हुआ उस पर मुझे कोई आश्चर्य नहीं है। रूस में पुतिन की मर्जी के बिना ज्यादा कुछ नहीं होता। लेकिन मुझे इतनी जानकारी नहीं है कि मैं इसका सही–सही जवाब दे सकूं।ष यूक्रेन के राष्ट्रपति के सहायक मायखायलो पोडोलयाक ने कहा कि विमान का गिरना पुतिन का 2024 के चुनाव के पहले रूस के कुलीन वर्ग के लिए एक कड़ा संदेश है। समझ लोरू वफादार न होने का मतलब है मौत। ज्यादातर विशेषज्ञों, विश्लेषकों, पत्रकारों और रूसियों को यह बात सही लगती है। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूसियों के मन में भी पुतिन की छवि श्एंटी हीरोश की हो गई है। खासकर कुलीन वर्ग उनसे काफी नाराज है क्योंकि रूस पर लगे प्रतिबंधों का उनके व्यापार और उनकी हैसियत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। और प्रिगोश्चद्घन के पहले भी कई रूसी कुलीन व्यपारी, जो जाने–माने नहीं थे, मारे गए हैं। पिछले डेढ़ साल में गैस–उद्योग से जुड़े दो अधिकारियों की लाश सुसाइड नोट के साथ मिल चुकी है। तीन रूसी अधिकारी अपनी पत्नियों और संतानों के साथ मृत पाए गए, जो शायद हत्या–आत्महत्या के मामले थे। सूची स्थित एक रिसोर्ट के मालिक की लाश एक खड़ी चट्टान के निचले सिरे पर मिली। सेंट पीटर्सबर्ग में एक अन्य अधिकारी का शव एक स्विमिंग पूल में तैरता हुआ मिला। कुछ अन्य लोग मास्को, भारत, फ्रेंच रिवेरा और वाशिंगटन डीसी में खिड़की से गिर गए या सीढ़ी से लुढ़क गए। प्रिगोजिन की हत्या दृ जो एक हाईप्रोफाइल कत्ल है दृ से सभी को यह साफ और जोरदार संदेश दिया गया है कि रूस में कोई भी पुतिन से पंगा नहीं ले सकता। प्रिगोजिन की बगावत, उनकी हत्या, अन्य कुलीनों के कत्ल, एक युद्ध जिसमें वे हार की ओर बढ़ रहे हैं और एक भयभीत पुतिन दृ यह सब इस ओर इशारा करता है कि रूस कमजोर होता जा रहा है। हमले के बाद से रूस में एकता नहीं हैं, वहां की जनता और वहां का कुलीन वर्ग दोनों में से कोई भी युद्ध और पुतिन जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उसे लेकर एकमत नहीं है। क्रेमलिन में भी मतभेद हैं जो बढ़ते जा रहे हैं और रूसी नेतृत्व की विभिन्न शाखाओं में समन्वय भी नहीं है। वेगनर से जुड़े एक समूह ग्रे जोन ने टेलीग्राम पर धमकी दी है कि ष्इस हत्या के नतीजे गंभीर होंगे और जिन लोगों ने इसका हुक्म दिया है वे सेना के मूड और उसके मनोबल को बिलकुल नहीं समझते हैं।



# मन की बात' में पीएम मोदी ने किया वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' विजेताओं का जिक्र, कहा– धरती से जुड़े खेलों में भारत को कभी पीछे नहीं रहना

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन में संपन्न 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' के विजेता खिलाड़ियों की सफलता को रेखांकित हुए रविवार को कहा कि हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो–खो जैसे धरती से जुड़े हुए खेलों में भारत को कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलकूद को लेकर देश के युवाओं और परिवारों में पहले जो धारणा थी वह अब बदली है और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता उन्हें प्रेरित कर रही है। 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' में इस साल देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 11 स्ध्वर्ण सहित 26 पदक जीतकर इन खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ध्ठ प्रदर्शन किया है।

मोदी ने कहा कि 1959 से लेकर अब तक जितने भी 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' हुए हैं, उनमें जीते सभी पदकों को जोड़ दें तो भी यह संख्या 18 तक ही पहुंचती है। उन्होंने कहा, ''इतने दशकों में सिर्फ 18, जबकि इस बार हमारे खिलाड़ियों ने 26 पदक जीत लिए।'' प्रधानमंत्री ने इन खेलों के पदक विजेताओं में से कुछ के साथ बातचीत की और उन्ध्हें सफलता पर बधाई दी। इस संवाद के दौरान असम के एथलीट अमलान ने प्रधानमंत्री से पूछा कि उन्हें कौन सा खेल सबसे अच्छा लगता है। इसके जवाब में मोदी ने कहा, ''खेल की दुनिया में भारत को बहुत खिलना चाहिए और इसलिए मैं इन चीजों को बहुत बढ़ावा दे रहा हूं। लेकिन हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो–खो ये हमारी धरती से जुड़े हुए खेल हैं। इनमें तो हमें, कभी, पीछे नहीं रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इनके अलावा तीरंदाजी और निशानेबाजी में देश के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी ने कहा, ''मैं देख रहा हूं कि हमारे युवाओं में और यहां तक कि परिवारों में भी खेल के प्रति पहले जो भाव था, वह अब नहीं है। पहले तो बच्चा खेलने जाता था तो रोकते थे और अब बहुत बड़ा वक्त बदला है।''




प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता युवाओं और परिवारों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा, ''हर खेल में जहां भी हमारे बच्चे जा रहे हैं, कुछ न कुछ देश के लिए करके आते हैं। और ये खबरें आज देश में प्रमुखता से दिखाई भी जाती हैं, बताई जाती हैं और स्कूल व कॉलेजों में भी चर्चा में रहती हैं।'' तीरंदाजी में पदक जीतने वाली उत्ध्तर प्रदेश की प्रगति से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया है। इस पर प्रगति ने कहा कि वह स्ध्वयं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की पैदल चाल खिलाड़ी प्रियंका ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि पहले 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स' जैसी स्पर्धाओं की देश में इतनी पूछ नहीं थी लेकिन अब इसे समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''हमने इतने पदक जीते हैं तो काफी अच्छा लग रहा है कि ओलंपिक की तरह, इसको भी इतना बढ़ावा मिल रहा है।'' इस संवाद के दौरान खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष की कहानियां बताईं और अनुभव भी प्रधानमंत्री से साझा किए।

# चीन अर्थव्यवस्था: बर्बादी का कारण है शी जिनपिंग, खराब फैसलों से मुश्किल में फंसा ड्रैगन

भारत का विरोधी चीन इन दिनों आर्थिक दुर्बलता से गुजर रहा है। चीन की आर्थिक हालत किसी से छुपी नहीं है। यहां जल्द ही मंदी भी पैर पसारने जा रही है। राज्य, संपत्ति और शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व गिरावट आ रही है। पूरे चीन में बेरोजगारी दर सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है। वहीं बीते 40 वर्षों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूत उपस्थिति को दर्ज कराने वाला चीन अब अपनी अर्थव्यवस्था को डूबने से बचाने में जुटा हुआ है।

ये भी माना जा रहा है कि चीन ही स्थिति पूर्व सोवियत संघ यानी की वर्तमान के रूस की तरह हो सकती है। चीन की अर्थव्यवस्था जिस तरह से सुस्त हो गई है उसे देखकर ही ये कयास लगाए जा रहे है।

चीनी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त

ये समय चीन के लिए बेहद ही मुश्किल है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से बढ़ रही है। चीन में मुश्किल हालात के बीच दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा कई तरह की अटकलें लगाई गई हैं। इसी बीच ग्लोबल इकॉनमी के एक्सपर्ट्स ने ये जानकारी दी है कि मंदी पूरी तरह से चीन में आई तो चीन को उससे उबरने में कई वर्षों का समय लग जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 1980 से 2020 तक चालीस वर्षों के दौरान में चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जिसका गवाह पूरी दुनिया रही है।



इस दौरान चीन की अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही चीन में कृषि सुधार हुए। औद्योगिकीकरण में बढ़ोतरी की गई। वहीं लोगों की इनकम में भी इजाफा हुआ है, जिससे चीन के करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले है। अगर मौजूदा हालात पर गौर करें तो चीन की अर्थव्यवस्था में 25 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिल सकती है।

इन दिनों चीन में प्रॉपर्टी के दाम लगातार नीचे गिरते जा रहे है। हर जगह उपभोक्ता खर्च, निवेश और निर्यात में कमी आई है। इस साल 2023 की दूसरी तिमाही में चीनी अर्थव्यवस्था 3.2: की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की विकास दर 6: रहने का अनुमान है। ये आंकड़े साफ बताते हैं कि चीन की अर्थव्यवस्था अमेरिका से पिछड़ रही है। अमेरिका के साथ चीन लंबे समय तक ट्रेड वार में लगा रहा था, जिसका असर अब दिखने लगा है।

श्द इकॉनमिस्टश की रिपोर्ट की मानें तो चीन की हालत के लिए शी जिनपिंग जिम्मेदार है। सत्ता पर काबिज शी जिनपिंग की विस्तारवादी नीतियों, छोटे और गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के कारण ही चीन की अर्थव्यवस्था अब डूबने की दिशा में बढ़ रही है। हालांकि शी जिनपिंग लगातार चीन की स्थिति को दुनिया से छिपाने की कोशिश कर रहे है। शी जिनपिंग ने ब्रिक्स सम्मेलन में भी चीन की अर्थव्यवस्था के बारे में नहीं बोला है जिससे कई संदेह पैदा हो रहे है।

# लियोनल मेस्सी ने एमएलएस के पहले मैच में शानदार गोल किया, डपंउप ने न्यूयॉर्क रेड बुल्स को हराया

हैरिसन। स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग



सॉकर (एमएलएस) में यादगार पदार्पण में 89वें मिनट में गोल कर मियामी को न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर 2–0 से जीत दिलाने में मदद की। मियामी की टीम पिछले 11 मैचों में जीत हासिल नहीं कर पायी थी लेकिन शनिवार रात को न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर जीत से उन्होंने इस लय को तोड़ दिया। मेस्सी बार्सिलोना के पूर्व साथी सर्गियो बस्कक्वेस्ट के साथ 60वें मिनट में मैदान में उतरे। मियामी ने तब डिएगो गोमेज के 37वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बनायी हुई थी। मेस्सी को खेलते देखने के लिए स्टेडियम के बाहर मैच से ढाई घंटे पहले ही भीड़ लगी हुई थी। सड़क पर मेस्सी की जर्सी खरीदने की होड़ लगी हुई थी और स्टेडियम में आधे दर्शकों ने मेस्सी के तीन क्लबों ओर अर्जेंटीना राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनी हुई थी। मेस्सी ला लिगा और लीग वन पदार्पण में गोल नहीं कर सके थे जिससे सात बार के 'बैलन डिओर' विजेता से दर्शकों को एमएलएस पदार्पण में काफी उम्मीदें लगी हुई थीं।

# वित्त कोर्स करने वाले छात्रों को मिलेगी 5 लाख तक की स्कॉलरशिप, रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन ने की पहल

आज के समय में उच्च शिक्षा काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। अच्छे कॅरियर की शुरूआत के लिए कैंडिडेट पसंदीद विषयों में ग्रेजुएशन करते हैं। लेकिन कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे छात्र जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, उनकी सहायता के लिए भारत में कई स्कॉलरशिप प्रोग्राम हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको एक ऐसे प्रोग्राम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप अपने कोर्स की अवधि तक सालाना 5 लाख रुपये की स्कॉलरशिप राशि प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए हीरो फिनकॉर्प कंपनी द्वारा समर्थित रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे स्टूडेंट्स वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए स्कॉलरशिप लेकर आई है। इस स्कॉलरशिप का नाम रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए है, जो किसी प्रतिष्ठित कॉलेज से कोई वित्त संबंधित कोर्स कर रहे हैं, या फिर करना चाहते हैं। बीबीएस, बीएफआईए, बीकॉम, बीएमएस या कोई इंटीग्रेटेड प्रोग्राम जैसे कोर्स करने वाले छात्र यह स्कॉलरशिप ले सकते हैं। इनमें से किसी भी कोर्स की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को ग्रेजुएशन की तीन साल की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

योग्यताः 10वीं–12वीं कक्षा में कम से कम 80: अंक होना जरूरी है। छात्र के परिवार की वार्षिक आय 4 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। साथ ही यह स्कॉलरशिप सिर्फ भारतीय छात्रों के लिए है। हीरो फिनकॉर्प, रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन और बडी4स्टडी के कर्मचारियोंध अनुबंध कर्मचारियों के छात्र इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले छात्रों को नीचे दिए गए विभिन्न विषयों में से किसी एक में मान्यता प्राप्त कॉलेज में नामांकन होना जरूरी है।

1. बीबीए 2. बीएफआईए 3. बीकॉम 4. बीएमएस (बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) 5. इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) 6. बी.ए. (अर्थशास्त्र) 7. बिजनेस स्टडीज में स्नातक (बीबीएस) 8. बैंकिंग और बीमा में स्नातक (बीबीआई) 9. लेखांकन और वित्त में स्नातक (बीएएफ) 10. बी. एससी. (सांख्यिकी) आदि।

रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप का लाभ

रमन कांत मुंजाला फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप के लिए चयनित छात्र को कोर्स की 3 साल की अवधि के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस दौरान छात्रों को 40,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक सालाना स्कॉलरशिप दी जाएगी। हालांकि यह स्कॉलरशिप छात्रों के कॉलेज की फीस पर भी निर्भर करता है।

जरूरी डॉक्यूमेंट्सः कक्षा 10 और 12 की मार्कशीट पासपोर्ट के आकार की तस्वीर आवेदक का आधार कार्ड माता–पिता का पैन कार्ड और आधार कार्ड

आय प्रमाण /आईटीआर (सभी 7 पृष्ठ सभी खातों को दर्शाते हैं)/आय प्रमाण पत्र/वेतन भोगी माता–पिता की वेतन पर्ची, आवेदक के माता–पिता के बैंक खाते का विवरण चालू वर्ष का प्रवेश प्रमाण कॉलेज द्वारा जारी कॉलेज शुल्क रसीदध्मांग रसीद शपथ पत्र (यह बताते हुए कि आवेदकों द्वारा प्रदान किए गए सभी दस्तावेज उनकी जानकारी के अनुसार सही हैं) आवेदन प्रोसेसः




स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को बडी4स्टडी की ऑफिशियल वेबसाइट **www-buddy4study-com** पर जाएं। फिर श्रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप 2023श के लिंक पर क्लिक करें। अगर छात्र पहले से रजिस्टर है तो लॉगिन प्रोसेस पूरा करें और नया छात्र है तो ईमेल और मोबाइल नंबर के साथ खुद को रजिस्टर करें।

इसके बाद आवेदन फॉर्म के पेज पर जाएं। फिर आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी भरें और सभी जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। फॉर्म को सबमिट करने के पहले भरा गया सारा विवरण अच्छे से चेक कर लें। इसके बाद फॉर्म सबमिट कर दें। भविष्य के लिए फॉर्म का पीडीएफ बनाकर रख लें और एक प्रिंट भी ले लें। आवेदन में किसी भी तरह की समस्या होने पर 011–430–92248 (एक्सटेशन– 326) (सोमवार से शुक्रवार – सुबह 10:00 बजे से शाम 6 बजे तक) ईमेल – **Scholarship@rkmfoundation-org** आदि पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्टोर में श्वेत हमलावर ने की गोलीबारी, तीन अश्वेत लोगों की मौत

जैकसनविले (अमेरिका)। अमेरिका के फ्लोरिडा में जैकसनविले के एक स्टोर में शनिवार को एक श्वेत व्यक्ति ने गोलीबारी कर तीन अश्वेत लोगों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। स्थानीय शेरिफ ने इस हमले को ''नस्लवाद से प्रेरित'' बताया है। शेरिफ टी के वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''उसे (हमलावर को) अश्वेत लोगों से नफरत थी। इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि हमलावर किसी बड़े समूह का हिस्सा था।'' वाटर्स ने बताया कि हमलावर ने 'डॉलर जनरल स्टोर' में हमला करने



के लिए एक पिस्तौल और एक एआर–15 अर्द्धस्वचालित राइफल का इस्तेमाल किया। गोलीबारी अपराह्न दो बजे से ठीक पहले एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी के पास एक डॉलर जनरल में हुई। एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी ऐतिहासिक रूप से अश्वेत समुदाय का एक छोटा विश्वविद्यालय है। हमलावर ने एक पत्र छोड़ा है, जिसके आधार पर जांचकर्ताओं का मानना है कि उसने जैकसनविले में एक वीडियो गेम प्रतियोगिता के दौरान एक अन्य बंदूकधारी द्वारा किए गए हमले की घटना के पांच साल पूरे होने के मौके पर गोलीबारी की। उस हमले में भी बंदूकधारी ने दो लोगों की हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। शेरिफ वाटर्स ने बताया कि हमलावर पड़ोसी क्ले काउंटी से आया था और हमले से कुछ समय पहले अपने पिता को एक संदेश भेजा था जिसमें लिखा था कि वह अपना कंप्यूटर देखें। उन्होंने बताया कि हमलावर के पिता को कंप्यूटर पर कुछ लेख मिले और परिवार ने पुलिस को इसकी जानकारी दी, लेकिन गोलीबारी इससे पहले ही शुरू हो चुकी थी। इस हमले ने अश्वेत अमेरिकियों को निशाना बनाकर अतीत में किए गए हमलों की दुखद यादों को ताजा कर दिया है और इससे समुदाय में भय पैदा होने की आशंका है। इससे पहले 2022 में न्यूयॉर्क के बफेलो में एक श्वेत हमलावर ने अश्वेतों को निशाना बनाकर किए हमले में 10 लोगों की हत्या कर दी थी।

# ऑस्ट्रेलिया में अमेरिकी विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन नौसैनिकों की मौत, 20 घायल

कैनबरा। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के एक द्वीप पर रविवार को अमेरिकी मरीन कोर का एक विमान बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन नौसैनिकों की मौत हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गए। इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, मेलेविले द्वीप पर तीन नौसैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है तथा विमान में सवार 23 में से पांच सैनिकों को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए 80 किलोमीटर दूर डार्विन शहर ले जाया गया।



बेल बोइंग वी–22 ऑस्प्रे टिल्ट्रोटर विमान स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बयान में कहा गया कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। वहीं, अधिकारियों ने कहा कि रविवार को उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकी मरीन कोर के विमान में सवार 23 नौसैनिक घायल हो गए, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। उत्तरी क्षेत्र के पुलिस आयुक्त माइकल मर्फी ने दुर्घटना के लगभग छह घंटे बाद कहा कि घायलों में से पांच को अस्पताल में इलाज के लिए मेलविले द्वीप से 80 किलोमीटर (50 मील) दूर डार्विन शहर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई। उत्तरी क्षेत्र की मुख्यमंत्री नताशा फाइल्स ने मर्फी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में से एक की रॉयल डार्विन अस्पताल में सर्जरी चल रही है।

फाइल्स ने कहा, यह एक भयानक घटना है। उत्तरी क्षेत्र सरकार हरसंभव सहायता के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि 'एक्सरसाइज प्रीडेटर्स रन' के दौरान बेल बोइंग वी–22 ऑस्प्रे टिल्ट्रोटर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन और पूर्वी तिमोर की सेनाएं भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि हादसे में केवल अमेरिकी नौसैनिक हताहत हुए हैं। अल्बनीज ने कहा, शुरुआती खबरों से पता चलता है कि इस घटना के पीड़ितों में केवल अमेरिकी रक्षा बल के कर्मी शामिल हैं।

## समय से सूचना न देने पर बीएसए पर 25 हजार रुपये जुर्माना

भाटपाररानी। राज्य सूचना आयोग के आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने बीएसए शालिनी श्रीवास्तव की ओर से सूचना नहीं दिए जाने को गंभीरता से लेते हुए 25 हजार का जुर्माना लगाया है। इसे उनके वेतन से वसूल किए जाने का निर्देश दिया गया है। क्षेत्र के पकड़ी बाबू के रहने वाले अधिवक्ता राम शाही ने सूचना न देने पर राज्य सूचना आयुक्त के न्यायालय में जन सूचना अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के खिलाफ वाद दाखिल किया था। समयावधि में सूचना नहीं दिए जाने पर इस पर जन सूचना आयोग की तरफ से आए पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा के अधीन जनसूचना अधिकारी पर सूचना नहीं देने के कारण 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाता है।

## भवानी छापर बाजार में युवक का शव मिलने से सनसनी

भाटपाररानी। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बिहार सीमा पर स्थित भवानी छापर बाजार के पास लाइसेंसी देसी शराब की दुकान के पास  सुबह एक 28 वर्षीय युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस चौकी भवानी छापर को दी। उसके जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान हुई। सिवान जनपद के नौतन थाना क्षेत्र के नौतन बाजार के लोहार पट्टी के रहने वाले भोला शर्मा 28 पुत्र स्व. रामानंद शर्मा मकान के पेंट आदि का काम करता था। वह पिछले दो–तीन दिनों से भवानी छापर बाजार में घूम रहा था। सुबह शव को देख कर लोग भवानी छापर चौकी इंचार्ज को तत्काल सूचना दी। पुलिस पहुंची और उसके जेब से बरामद आधार कार्ड से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## हाईटेंशन तार पर गिरी पेड़ की डाल, चार वार्डों की आपूर्ति ठप

सलेमपुर। जिले में रुक–रुककर हो रही बारिश में  भटनी क्षेत्र के हतवा गांव के पास हाईटेंशन तार पर पेड़ की डालियां टूट कर गिर गईं। इसके चलते चार वार्डों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत कर्मी पेड़ की डालियां काटकर आपूर्ति जल्द बहाल करने में जुटे रहे। भटनी–भरथुआ बाईपास सड़क मार्ग पर हतवा गांव के पास अचानक एक पेड़ की डालियां टूटकर हाईटेंशन तार पर गिर गई। इस दौरान अपने गंतव्य को जा रहे लोगों ने भाग कर जान बचाई। वहीं विद्युत पोल और अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण टूटने से हतवा रेलवे कॉलोनी, तिवारी टोला, हतवा पुराना और रामपुर खुरहुरिया वार्ड की बिजली गुल हो गई। शिकायत पर पहुंचे विद्युत कर्मी समस्या के समाधान करने में जुटे रहे। अवर अभियंता शक्ति सिंह ने बताया कि पेड़ की डालियां टूटकर हाईटेंशन तार पर गिरने से विद्युत पोल व अन्य उपकरण टूट गए हैं। विद्युत पोल की व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

भाटपाररानी। .सर्किल के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। भाटपाररानी, श्रीरामपुर व बनकटा में आयोजित समाधान दिवस में डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने शिकायतें सुनीं। इसके बाद भाटपाररानी थाने में हो रहे भवन निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। भाटपाररानी थाने पर तीन में दो, बनकटा में सात में तीन, खामपार में चार में एक, श्रीरामपुर में तीन में एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। बनकटा थाने में निर्माणाधीन विवेचना कक्ष गलत दिशा में बनने से जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। वहीं श्रीरामपुर थाने में पहुंचे डीएम व एसपी ने बनने वाले नए थाने की जमीन का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों के आवास के लिए जमीन कम होने पर बगल के काश्तकारों से परगसहां गांव में सरकारी जमीन से बदलाव करने के लिए संबंधित लेखपाल को वार्ता करने का निर्देश भी दिए। समाधान दिवस पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर टी जे सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन मामले आए, एक का निस्तारण

बरहज। स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व के तीन मामले आए। मौके से एक मामले का निस्तारण कर दिया गया। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्रवाई शुरू की गई। एसडीएम अवधेश कुमार और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने फरियाद सुनी। अधिकारियों ने शेष मामलों को संबंधितों को सौंप समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसआई सदानंद यादव, जितेंद्र कुमार, शेषनाथ, महेंद्र मोहन मिश्र, विजय मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

## न्याय नहीं मिलने से घट रही फरियादियों की संख्या

सलेमुपर। समाधान दिवस में न्याय न मिलने से फरियादी अब थाने पर जाने से कतराने लगे हैं। जिसका परिणाम है कि समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। .उप जिलाधिकारी सीमा पांडेय, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय सहित दो दर्जन लेखपाल, तीन राजस्व निरीक्षक दस से दो बजे तक रहे। मात्र दो फरियादी न्याय के लिए आए। वह भी दोनों राजस्व से संबंधित मामला रहा। इसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि फरियादियों की समस्याएं सुनी जा रही हैं। निस्तारण करने में लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सावन के आखिरी सोमवार पर रहेगा रूट डायवर्जन

महराजगंज। निचलौल सिसवा बाजार से घुघली जाने वाली सड़क पर रविवार सुबह 10 बजे से सोमवार शाम पांच बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। इस सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा। सड़क की एक लेन पर कांवड़िये और दूसरी लेन में बाइक आदि हल्के वाहन गुजारे जाएंगे। सावन के आखिरी सोमवार पर कावडियों की भीड़ बढ़ने को लेकर पुलिस प्रशासन ने . बहुरहवा बाबा मंदिर का निरीक्षण कर निर्णय लिया है। क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि सावन के आखिरी सोमवार को निचलौल से सिसवा बाजार होते हुए घुघली जाने वाली सड़क पर दुर्गवालिया नहर पुल और बंदी ढाला के पास से रूट डायवर्जन कर दिया गया है।

# मंडल स्तरीय पांच प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा देवरिया

देवरिया। जनपद में सत्र 2023–24 के लिए माध्यमिक विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसके लिए जनपदीय क्रीड़ा समिति की राजकीय इंटर कॉलेज में हुई बैठक में विद्यालयवार खेलों का आवंटन किया गया। इसके साथ ही जेडी स्तर से पांच मंडल खेलों की मेजबानी देवरिया को दिया गया है। इसमें 15 वर्ष बालक व 17 वर्ष बालक–बालिका जूनियर नेहरु हॉकी, 14 व 19 वर्ष आयु वर्ग बालक–बालिका वालीबाल, 19 वर्ष बालिका फुटबाल, 14,17 व 19 वर्ष बालक–बालिका एथलेटिक्स, 14 वर्ष बालक क्रिकेट कराने की जिम्मेदारी देवरिया जनपद को दी गई है। जीआईसी में हुई बैठक में डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मंडलीय क्रीड़ा समिति की बैठक के बाद जिले को पांच मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करनी है। इसके पूर्व यहां तहसील व जिले स्तर पर आयोजित होने वाले माध्यमिक खेलों के लिए विद्यालय अपनी तैयारियां कर लें। प्रधानाचार्य व क्रीड़ाध्यापक मिलकर अपनी व्यवस्था के अनुसार प्रतियोगिता कराने के लिए मांग पत्र अवश्य दे दें। इस दौरान एडीआईओएस महेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य पीके शर्मा, राजेश गुप्ता, डॉ.अजय मणि त्रिपाठी, विपिन बिहारी यादव, प्रभात रंजन मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भागलपुर में सरयू का जलस्तर लाल निशान से 45 सेमी ऊपर

सलेमपुर। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बारिश और नेपाल के बैराज से चार लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के चलते सरयू के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दोपहर तुर्तीपार रेगुलेटर पर नदी का जलस्तर 64 मीटर 75 सेमी दर्ज किया गया, जो खतरे निशान से 45 सेमी ऊपर है। इससे तटवर्ती इलाकों में फिर हलचल तेज हो गई है, लोग सहमे हुए हैं। केंद्रीय जल आयोग तुर्तीपार के कर्मचारियों के अनुसार नदी के जलस्तर में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। 24 घंटे में नदी के जलस्तर में 43 सेमी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बृहस्पतिवार दोपहर से नदी में एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी शुरू हुई थी, जो . दोपहर से दो सेमी प्रति घंटे की हो गई। दोपहर नदी का जलस्तर 64 मीटर 75 सेमी पर पहुंच गया, जो रेगुलेटर पर अंकित खतरे के निशान 64 मीटर 30 सेंटीमीटर से 45 सेमी ऊपर है। पिछले हफ्ते नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच कर लौट गई थी, जिससे तटवर्ती गांव के लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन दोबारा नदी में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से तटवर्ती लोग एक बार फिर सहम गए हैं। नदी का पानी रिहायशी इलाकों की ओर तेजी से फैलने लगा है। बरहज के तहसीलदार अश्वनी कुमार ने बताया कि मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ राहत चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। तहसील कर्मचारियों को 24 घंटे मौजूद रहने को कहा गया है।

# कबड्डी में बीएस मेमोरियल बेलकुंडा और खो–खो में स्पोर्ट्स स्टेडियम बना विजेता

देवरिया। रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में  सांसद खेल महाकुंभ के अंतर्गत जिला स्तरीय खो–खो एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें खो–खो में स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं कबड्डी में बीएस मेमोरियल बेलकुंडा की टीम विजेता रही। समापन समारोह में संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने पुरस्कार प्रदान किया। कबड्डी बालिका वर्ग के मैच बैडमिंटन हाल में मैट पर खेले गए। पहला मैच जीएस मेमोरियल बेलकुंडा और किसान इंटर कॉलेज बैरगनिया के बीच खेला गया जिसमें जीएस मेमोरियल बेलकुंडा विजयी रहा। दूसरा मैच खेलो इंडिया कुश्ती की टीम और ताइक्वांडो टीम के खिलाड़ियों के बीच में हुआ, जिसमें खेलो इंडिया ने मैच अपने नाम किया। फाइनल मैच बीएस मेमोरियल और खेलो इंडिया टीम के बीच हुआ। इसमें बीएस मेमोरियल बेलकुंडा विजेता रहा। खो–खो प्रतियोगिता में गीले ग्राउंड पर ही कराई गई। पहला मैच स्टेडियम और राजकीय इंटर कॉलेज के बीच में हुआ, जिसमें 19–02 से स्टेडियम की टीम ने अपने नाम किया। दूसरा मैच आजाद क्लब और स्वामी विवेकानंद की टीम के मध्य खेला गया। इसमें स्वामी विवेकानंद 7–2 से विजयी रही। तीसरा मैच महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज और कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज के बीच में हुआ। इसमें महाराजा अग्रसेन की टीम 4–3 से विजयी हुई। फाइनल मैच स्टेडियम देवरिया बनाम भगत सिंह क्लब देवरिया के बीच में हुआ, इसमें स्टेडियम की टीम 8–5 से विजेता बनीं। इसके पूर्व क्रीड़ाधिकारी राज नारायण प्रसाद व अन्य प्रशिक्षकों ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संगीता यादव का बैज लगाकर स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण स्तर से प्रतिभाओं को निखार कर प्रदेश एवं राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हर युवा खेलकर से जुड़कर स्वस्थ रहे, यही इसका मुख्य मकसद है। इस दौरान एसडीएम योगेश गौंड, शालिनी शर्मा, कुंदन मणि, पूजा सिंह, अवधेश यादव, साक्षी यादव सहित अन्य प्रशिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## डीएम ने बीएसए के साथ खुद खाई एल्बेंडाजोल व फाइलेरिया की दवा

महराजगंज। एल्बेंडाजोल व फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने स्कूल में बीएसए के साथ ही स्वयं दवा खाई और अपने सामने ही बच्चों को दवा भी खिलवाई। उन्होंने कहा कि भ्रांतियों की वजह से कुछ लोग इसको खाने से परहेज करते हैं, जिससे लोगों में यह रोग होता है। स्कूली बच्चे इस दवा को स्वयं खाएं एवं जो बच्चे छूटे हैं उन्हें भी इन दवाओं को खाने के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें। ये बातें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने  कंपोजिट विद्यालय धनेवा–धनेई में बच्चों को खिलाई जा रही फाइलेरिया की दवा का जायजा लेने पहुंचे थे। बच्चों से संवाद करते हुए फाइलेरिया रोग के दुष्प्रभावों से अवगत कराया एवं बच्चों को आश्वस्त किया कि दोनों दवाएं सुरक्षित हैं। बच्चों से अपील की कि वे अपने सहपाठियों को भी दोनों दवाओं के सेवन के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें सोमवार को विद्यालय लेकर आएं, ताकि दोनों दवाएं खाकर वे भी हाथीपांव और पेट संबंधी अन्य रोगों से बच सकें। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवा खिलाने के लिए कहा। यह भी कहा कि सोमवार को विद्यालय में जो लोग चाहें आकर दवा खा सकते हैं। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को सोमवार को पुनः दोनों दवाओं के साथ उन्हें खिलाने की व्यवस्था करने के लिए कहा, ताकि जो बच्चे आज छूट गए हैं, वे सोमवार को दवा खा सकें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी 1695 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में अभियान चलाते हुए बच्चों को मध्याह्न भोजन के बाद दवा का सेवन कराया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शुचिता मिश्रा, बबिता वर्मा, नईम अहमद, संध्या मिश्रा, निरूपमा सिंह, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

# तीन गुने मुनाफे ने नेपाल में बढ़ाई प्याज तस्करी की रफ्तार

महराजगंज। प्याज के तीन गुने मुनाफे ने नेपाल में तस्करी की रफ्तार बढ़ा दी है। एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक दिन एक टन प्याज अगल अलग पगडंडी से सरहद पार हो रही है। भारत में एक क्विंटल प्याज करीब 3000 रुपये में मिलता है, लेकिन नेपाल पहुंचने पर इसका रेट 9000 रुपये प्रति क्विंटल हो जाता है। कीमत के बड़े अंतर ने तस्करों की कमाई बढ़ा दी है। एक ट्रक प्याज मुख्य सीमा से नेपाल भेजने पर करीब डेढ़ लाख कस्ट्म ड्यूटी देनी पड़ती है। पंगडंडियों के रास्ते तस्करी से यह रकम भी बच जा रही है।

सूत्र बता रहे हैं कि नेपाल प्याज भेजने के लिए तस्करों ने पूरा नेटवर्क बनाया है। उनके संपर्क में नेपाल के प्याज कारोबारी भी हैं। सरहद पार प्याज पहुंचते ही नेपाली व्यापारी से आदमी वाहन से गंतव्य तक पहुंचा देते हैं। कस्टम ड्यूटी न देना पडेगा, इसीलिए नेपाल के व्यापारी भी तस्करों से सांठगांठ बनाकर खरीद ले रहे हैं। उनको प्रति क्विंटल दो से तीन हजार रुपये बच जा रहे हैं। इस धंधे में नेटवर्क इतना मजबूत है कि बरामदगी कभी कभार ही होती है। 16 पगडंडियों से प्याज की तस्करी आसान हो गई है। टेंपों, साइकिल व बाइक से प्याज की तस्करी हो रही है। कैरियरों का अगल अलग मेहनताना भी निर्धारित है। प्रत्येक दिन एक क्षेत्र से करीब एक टन प्याज सरहद पार जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि सोनौली थाना क्षेत्र के श्याम काट, सियरहिया, लक्ष्मीनगर, भगवानपुर, मदरी, निपानिया, खनुवा, फ्रेनियां ,डाली, कोल्हुई थाना क्षेत्र के जोगियाबारी, नौतनवां सुंडी, छपवा, सम्पतिहा, बरगदवा परसा मलिक, ठूठीबारी झुलनीपुर, लक्ष्मीनगर के रास्ते नेपाल सीमा पर प्याज की तस्करी जोरों पर है। बाइक व साइकिल का प्रयोग किया जाता ––पहले प्याज सीमावर्ती गांव में डंप किया जा रहा है, फिर साइकिल बाइक से दो से चार बोरी कैरियर नेपाल पहुंचा दे रहे हैं। पगडंडियों के रास्ते बड़े वाहन ले जाना मुश्किल होता है। इसलिए तस्करी के लिए बाइक व साइकिल का इस्तेमाल किया जाता है। दर्जनों युवक इस काम में लगे हैं। 20 बाइक और दर्जन भर साइकिल से रोज ढुलाई करते हैं। ग्रामीण इलाके होकर बाइक, साइकिल, छोटे बड़े वाहन से प्याज नेपाल भेजा जा रहा है। नासिक से मंगाते हैं प्याज ––सीमा से सटे विभिन्न गांवों में पहले नासिक और कानपुर से खरीदे गए प्याज को रख दिया जाता है, फिर उसे नेपाल भेजा जाता है। कम समय, कम रिस्क और छोटी पूंजी से अधिक मुनाफा के चलते ज्यादा तस्कर जुडे़ हैं।

# जिला बनने के 33 साल बाद सुनाई दी रेल की आहट

महराजगंज। जिला बनने के 33 साल बाद जिला मुख्यालय में रेल की आहट सुनाई दी है। रेल मंत्रालय ने 958.27 करोड़ रुपये की लागत से फरेंदा, महराजगंज, घुघली तक 52.7 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाने की स्वीकृति दे दी है। रेल मंत्रालय की ओर से बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इससे महराजगंज क्षेत्र के लोगों को दिल्ली–मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ने गोरखपुर नहीं जाना होगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रेसवार्ता में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे ने गति शक्ति स्कीम के तहत जिला मुख्यालय को रेल लाइन की मंजूरी दी है। योजना के अनुसार, आनंदनगर से घुघली, महराजगंज तक 52.7 किमी लंकी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इस पर इलेक्ट्रिक ट्रेनें चलेंगी। रेल लाइन बन जाने से पंजाब और दिल्ली से असम समेत पूर्वोत्तर तक आवागमन का रास्ता आसान हो जाएगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि रेल लाइन के सिविल कार्य के लिए 875.30 करोड़ रुपये, सिग्नल व टेलीकॉम कार्य के लिए 18.17 करोड़ और इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए 64.26 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के इस सेक्शन की रेल लाइन के तैयार होने पर कुल लागत 958.27 करोड़ रुपये का अनुमान है। इसकी सूचना गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर को दे दी गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच हुई कई दौर की वार्ता के बाद केंद्रीय रेलवे बोर्ड ने  इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। ज्यादातर रेलगाड़ियों के इसी रास्ते से चलने की संभावनाः बहुप्रतीक्षित रेल लाइन बिछ जाने के बाद पंजाब और दिल्ली से असम समेत पूर्वोत्तर के राज्यों की ओर चलने वाली ज्यादातर रेलगाड़ियां इसी रास्ते से चलने की संभावना जताई जा रही है। इससे जहां रेल मार्ग से दूरी कम हो जाएगी, वहीं रेलवे की ढुलाई लागत में भी कमी आएगी। क्षेत्र के लोगों को इससे काफी फायदा होगा। ट्रेन पकड़ने के लिए 60 किमी दूर जाना पड़ता है गोरखपुर –भारतीय रेलवे के नेटवर्क से महराजगंज जनपद मुख्यालय अलग–थलग पड़ा था। यहां के लोगों को 60 किमी दूर गोरखपुर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। जिले की व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इस नई लाइन के बिछ जाने के बाद यहां के लोगों का जीवन स्तर बदल जाएगा। अभी 20 किमी घुघली और 30 किमी फरेंदा जाने के बाद ही ट्रेन की सुविधा मिलती है। उम्मीदों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी रू पंकज – स्थानीय सांसद और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि गोरखपुर जिले से 2 अक्तूबर 1989 को अलग होकर महराजगंज जिला बनने के बाद यहां के 30 लाख लोगों को विकास की आस बढ़ गई थी। जिलावासियों की उम्मीदों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रस्तावित 52.7 किमी लंबाई की इस रेल लाइन को बनाने के प्रयासों को कई बार झटका लगा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर रेल मंत्रालय के अफसरों व मंत्री स्तर तक वार्ताओं का दौर चलता रहा। आखिरकार, इस रेल लाइन को हरी झंडी मिल गई।

# काली मिर्च खराब, मसूर के दाल में रंग

महराजगंज। काली मिर्च खराब मिली। मसूर के दाल में रंग मिला। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में यह गड़बड़ी मिली है। चार दिन की जांच में खाद्य पदार्थों के 198 नमूनों में 61 फेल हो गए। फूड सेफ्टी आन ह्वील की जांच में इसकी जानकारी मिली है। मशाला बिक्री करने वाले दुकानदार के खिलाफ वाद दाखिल करने के लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति मांगी गई है। काली मिर्च बिक्री करने वाले दुकानदार को अधिकारियों ने चेतावनी दी।

जिले में फूड सेफ्टी ऑन ह्वील गाड़ी जगह–जगह भ्रमण की। विभाग के अधिकारियों की टीम भी जांच वाहन के साथ रही। इस दौरान विभिन्न दुकानों से खाद्य सामग्रियों के नमूने इकट्ठा किए गए। इसमें काफी मात्रा में नमूने फेल हो गए। छेने की मिठाई में स्टार्च मिला। मसूर की दाल में रंग, सब्जी पर केमिकल का असर पाया गया। काली मिर्च में भी मिलावट पायी गई।काली मिर्च बेहद खराब मिलने पर और छेने की मिठाई में स्टार्च मिलने पर मिठाई को अधोमानक घोषित करते हुए दुकानदार को चेतावनी दी गई।

फूड सेफ्टी आन ह्वील की ओर से जिले में घुघली, चौक बाजार, फरेंदा, मिठौरा, निचलौल व महराजगंज शहर में जांच की गई। थोक मंडी से सब्जी का नमूना लिया गया। फूल गोभी, पत्ता गोभी, परवल, बैंगन में रसायन व रंग की जांच के लिए प्रयोगशाला में नमूना भेजा गया। मशाला की जांच रिपोर्ट सेहत के लिए नुकसानदायक आने पर वाद दाखिल करने की स्वीकृति के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को फाइल भेजी गई है। मशाला का नमूना नौतनवा कस्बे से लिया गया था।

सदर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि प्रत्येक माह जांच वाहन से खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर उनकी जांच की जाती है। इसमें रिपोर्ट तुरंत मिल जाती है, इस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर कोई भी व्यक्ति अपने घर से खाद्य पदार्थों को लाकर जांच करा सकता है। एक पांच दिन यह वैन जिले में आती है। जिले के अलग–अलग स्थानों पर भ्रमण करती है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि दुकानदारों को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बिक्री करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जांच में जहां गड़बड़ी मिली है, उनको पहली बार चेतावनी दी गई है। अगर इसके बाद सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

# फाइलेरिया, मस्तिष्क ज्वर और डेंगू के पूर्ण उन्मूलन हेतु कार्य कर रही सरकारः विभ्राट चंद कौशिक

कुशीनगर। फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। इसका फैलाव पीढ़ी दर पीढ़ी होता है। इसका वायरस कम से कम 5 वर्ष तक शरीर में रहता है।यह किसी को भी हो सकता है। पुरुषों में हाइड्रोसील की बीमारी कुछ और नहीं बल्कि फाइलेरिया ही है।

भारत सरकार ने भारत को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इस हेतु प्रत्येक नागरिक को दवा की खुराक दी जा रही है ताकि पूरे समाज में इस रोग के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित की जा सके। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा योजना बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा शलिमफेटिक फाइलेरिया उन्मूलन हेतु युवा सहभागिताश योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में डॉ एसएन पाण्डेय ने कही। इस अवसर पर पीसीआई टीम की तरफ से डिस्ट्रिक मॉबलाइजेशन कोऑर्डिनेटर नीतेश श्रीवास्तव ने भी अपनी बात रखी। आपने इस बीमारी के लक्षण पता चलने में 5 से 15 साल तक लग जाते हैं। ऐसे में रोगी अनजाने ही इस रोग को फैलाने का कारक बन जाता है।

इस आभियान के तहत 2 वर्ष से ऊपर के सभी लोगो को दवा की खुराक दी जानी है।सिर्फ गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को छूट है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो कृष्ण प्रताप सिंह ने सभी स्वयसेवको से आह्वान किया कि आप लोग इस अभियान में दूत के रूप में समाज से फाइलेरिया उन्मूलन हेतु कार्य करें।

मुख्य अतिथि युवा कल्याण एवम् प्रांतीय रक्षा दल मंत्री प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार फाइलेरिया, मस्तिष्क ज्वर और डेंगू के पूर्ण उन्मूलन हेतु कार्य कर रही है।इस हेतु संसाधनों की उपलब्धता के साथ साथ जन जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बिना जनसहभागिता के अभियान को सफल बनाना दुष्कर होगा।इस दिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ निगम मौर्य ने किया। जबकि आभार ज्ञापन डॉ पारस नाथ ने किया। इस अवसर पर प्रो कौस्तुभ नारायण मिश्र, प्रो आर पी पाण्डेय, प्रो रामभूषण मिश्र, डॉ इंद्रजीत मिश्र, डॉ सीपी सिंह, डॉ डी पी सिंह, डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉ वीरेन्द्र साहू, रेडियों प्रज्ञा पडरौना के प्रबंधक श्री तेजनारायण श्रीवास्तव, जिला मलेरिया इंस्पेटर डॉ नितिन नायर, डॉ मोनिका, डॉ कल्पना एवम् स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र की टीम मौजूद रही। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जागरुकता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# कजरी महोत्सव में झूमे शिव भक्त, लगे हर हर महादेव के जयकारें

## श्री संकट मोचन हनुमान जी की हुई दिव्य आरती

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सोनभद्र। जिला मुख्यालय राबर्ट्सगंज स्थित श्रीराम जानकी संकट मोचन मंदिर पर शनिवार की देर शाम भव्य कजरी महोत्सव व भजन संध्या का आयोजन मंदिर के पुजारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में कराया गया। इस अवसर पर जय मां गायत्री जागरण ग्रुप के सुप्रसिद्ध भजन गायक सूरज गुप्ता व मिर्जापुर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक ओंकारनाथ विश्वकर्मा ने भगवान भोलेनाथ के सावन में गाए जाने वाले एक से बढ़कर एक कजरी व भजनों का गायन किया। इनके साथ आगर्न पर नागेंद्र दुबे, ढोलक पर अखिलेश विश्वकर्मा, बैंजो पर सुनील पटेल व ऑक्टोपैड पर अनिल ने संगत किया। वही भगवान भोलेनाथ के मनोरम भजनों व कजरी को सुनकर वहा उपस्थित श्रद्धालुगण मंत्रमुग्ध होकर शिव भक्ति में झूमने लगे तो पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व प्रधान पुजारी राजकुमार पांडे द्वारा मंदिर में स्थापित श्री राम दरबार व संकट मोचन हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर दिव्य आरती की गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर के व्यवस्थापक डूंगरमल अग्रवाल, सत्येंद्र दुबे, अनुज शुक्ला, गया प्रसाद सिंह, शिवा पांडेय, जनार्दन, दीपू पांडेय, सुरेश नंदन मिश्रा, दादे चौबे, राहुल, देवानंद सोनी, सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# थाना शक्तिनगर पुलिस ने 02 नफर अभियुक्तगण को किया गिरतार

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा विकाश पटेल पुत्र दामोदर दास पटेल व .ष्ण कुमार वर्मा पुत्र वेद प्रकाश वर्मा, निवासीगण अम्बेडकरनगर थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के सहयोग से 02 नफर अभियुक्तगण 1. अजीत कुमार कुशवाहा पुत्र अशोक कुशवाहा, निवासी वार्ड नं0–17 जयंत बस स्टैंड के पीछे, थाना विन्ध्यनगर, जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश हाल पता ग्राम बकनिहा, पोस्ट अमरपुर, थाना अमरपुर, जनपद सीधी मध्य प्रदेश उम्र लगभग 21 वर्ष 2. अशोक कुमार वैश्य पुत्र रकाम प्यारे बैश्य , निवासी एनसीएल कॉलोनी जयंत एम.क्यू–787, सेक्टर–03, थाना विन्ध्यनगर, जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश हाल पता ग्राम मडौली, पोस्ट सिंगरौली, थाना मौरवा, जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश उम्र लगभग 26 वर्ष के कब्जे से 01 अदद टाटा जेस्ट कार संख्या–न्च78क्छ9185, 02 अदद बैट्री लिवगार्ड व सेन्ट्रीया कम्पनी की 12 बोल्ट, दो अदद खाली जरिकेन प्लास्टिक 25–30 लीटर के, दो अदद पाइप 2.5 मीटर/0.5 मीटर, कटा हुआ बोतल की पिपिया बरामद कर गिरतार किया गया । उपरोक्त बरामदगी व गिरतारी के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0–119/2023 धारा 379, 411 भादवि का अभियोग पंजी.त कर विधिक कार्रवाई की गयी ।



# महिला थानाध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज के प्रयास से 03 वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सोनभद्र ।जनपद में "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,



नारी स्वावलम्बन के क्रम में महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सरोजमा सिंह मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति–पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 03 जोड़ा पति–पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति–पत्नी राजी–खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके अतिरिक्त 01 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई तथा 02 प्रकरण में न्यायालय से कार्यवाही के लिए बताया गया । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति–पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह–समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी–खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

# मूल्यों और मर्यादाओं के बन्धन में बंधने से जीवन निबंधन होता है: बीके सुमन

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने जगह – जगह राखी बांधी

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सोनभद्र। ब्रह्माकुमारीज संस्था में रक्षाबन्धन का त्यौहार मूल्यो और आत्मीय मर्यादाओं के बन्धन में बंधकर मानवता की सेवा के दिवस के रूप में मनाया जाता है। मर्यादाओं का बन्धन मनुष्य के जीवन को रोग ,शोक और दारूण्य से मुक्त कर देता है। मन निर्मल और विकारों से मुक्त हो जाता है। इसी संकल्प को लेकर रक्षाबन्धन के मनाई जा रहे त्यौहार को दिनांक 22 अगस्त को ओबरा तथा 24 अगस्त रेणुकूट में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग व पत्रकार भाईयो को राखी बांधकर विकारों के दान का संकल्प पत्र लिया गया । 25 अगस्त को दुद्धी में संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को राखी बांधकर उन्हें सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया। दिनांक 26 अगस्त को ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र रॉबर्ट्सगंज की सेवाकेंद्र संचालिका बी०के० सुमन बहन के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय लोढ़ी रॉबर्ट्सगंज 150 रोगियों के साथ चिकित्सकों , नर्सों एवं स्टाफ को राखी बांधी गई ।इसके बाद साईं स्कूल आफ नर्सिंग में लगभग 350 छात्र/ छात्राओं एवं समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों को राखी बांधने के पश्चात जीवन को सुखमय बनाने हेतु जीवन में बदलाव लाने के लिए संकल्प पत्र लिया गया। 27 अगस्त को सुमन बहन के नेतृत्व में ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा गुर्मा स्थित जिला का कारागार में लगभग 450 कैदियों को राखी बांधकर प्रसाद वितरण के पश्चात मानवीय कमजोरी और मनोविकारों को दान करने का संकल्पपत्र लिया गया । जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव तथा जेलर जेपी दुबे के सहयोग से ब्रह्माकुमारियों ने कैदियों को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की भूमिका को स्पष्ट किया। इसके बाद सलखन स्थित वृद्धाश्रम में 25 पुरुष तथा 20 वृद्ध महिलाओं को राखी बांधने के पश्चात ईश्वरीय संदेश दिया । ज्ञातव्य है कि रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहने राखी बांधने में किसी भी प्रकार धन या उपहार नहीं लेती है। ब्रह्माकुमारी बहने लगी राखी बांधने के बाद बुराइयों और मादक द्रव्यों के सेवन के लिए संकल्प पत्र लिया गया। इस कार्य को सफल बनाने मे प्रतिभा बहन, सीता बहन, सरोज बहन, कविता बहन, दीपशिखा बहन, ललिता बहन, हरिंद्र भाई, अवधेश भाई, मनोज भाई आदि लोग शामिल रहे।





## बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के दूसरी बार अध्यक्ष बने जगदीप सिंह, मंत्री लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

कुशीनगर (आरएनएस)। बुद्ध इंटर कॉलेज, कुशीनगर में माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सत्र 2023–24 के लिए जगदीप सिंह को अध्यक्ष एवं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को मंत्री चुना गया। सनद रहे कि विगत सत्र में भी ये अध्यापक द्वय इन पदों को सुशोभित कर चुके हैं। शिक्षक महेंद्र पाण्डेय ने दोनों नामों का प्रस्ताव रखा। जिसका समर्थन शंभू राव सहित सभी अध्यापकों ने करतल ध्वनि से किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य उपाध्याय ने कहा कि जगदीप सिंह का व्यक्तित्व कर्मठी एवं जुझारू है। वे शिक्षक हित को सर्वोपरि मानते हैं। श्री लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी सामंजस्य पूर्ण शिक्षक हैं जिनमें सभी शिक्षकों को एक साथ लेकर चलने की क्षमता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। अशोक उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# दो युवतियां एक दुसरे का हाथ थाम बडी गंडक नहर मे कूदी

## गोताखोरो ने पांच घंटे तक की खोजबीन, लडकियों का नही चला को अता-पता

कुशीनगर,। जनपद के सेवरही थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के समीप से होकर गुजरने वाली बड़ी गंडक नहर के पुल पर रविवार को तकरीबन ग्यारह बजे दो लड़कियां पहुंची। वह अपने पैर से चप्पल उतारी, फिर रेलिंग पर दुपट्टा लटकाया और एक–दुसरे का हाथ थामकर नहर मे छलांग लगा दी। यह देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो भींड जुट गई। फिर उन दोनो लडकियो की खोजबीन शुरू हुई। पांच गोताखोर लगाये गये लेकिन उनका कही कोई अता–पता नही चला। सूचना मिलने पर पहुंचे तमकुहीराज के एसडीएम लडकियो की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम भेजने की मांग की है।

दोनो इण्टरमीडिएट की छात्रा बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दुदही विकास खंड के भगवानपुर रकबा दुलमा पट्टी गांव के कंपोजिट विद्यालय के सामने कुछ लोगों ने दो लड़कियों को बड़ी गंडक नहर में कूदते हुए देखा। इसके बाद वह लोग दौड़कर पुल के पास के पास पहुंचे लेकिन तब तक पानी के तेज बहाव के कारण लडकियो नजर से ओझल हो चुकी थी। कहना न होगा कि बड़ी गण्डक नहर इन दिनों उफान पर हैं।

बताया जाता है कि रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजे रकबा दुलमापट्टी के भगवानपुर पुल के आस पास कुछ चरवाहे अपनी बकरियां चरा रहे थे। चरवाहो की माने तो दोनो युवतिया अपना चप्पल एवं दुपट्टा नहर के पुल पर रख कर एक दुसरे का हाथ थामकर नहर में कुद गई। युवतियों के नहर में कुदते देख पहले तो चरवाहों ने शोर मचाया।

बाद में पुलिस के लफड़े से बचने के लिए चुपचाप वहा से खिसक गये। चरवाहो के शोर मचाते देख वहा से गुजर रहे भगवानपुर निवासी आलोक तिवारी मामले की जानकारी लेने के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुची और स्थानीय गोताखोरो को बुलाकर युवतियों के खोजबीन शुरू किया। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे तमकुहीराज के एसडीएम विकास चंद ने लड़कियों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम भेजने की मांग की है। इनसेट –– चर्चा है कि गांव के युवक से चल रहा था प्रेम प्रसंग –– गंडक नहर मे लडकियों की कूदने की सूचना जब पुलिस को मिली तो थाना क्षेत्र से गायब लड़कियों की खोजबीन की जाने लगी। करीब तीन घंटे बाद इनके बारे में पता चला। बताया जा रहा है कि नहर में डूबी एक लड़की का नाम रानी उर्फ सप्पू उम्र करीब 18 वर्ष है, जो तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया गांव के निवासी सदीक मियां की पुत्री है।

दूसरी लड़की का नाम भी रानी है, जो इसी गांव के उमेश ठाकुर की पुत्री बताई जा रही है। दोनों लड़कियां हम उम्र हैं। चर्चा है कि उनका गांव के ही एक युवक से प्रेम चल रहा है। शनिवार की शाम को उस युवक ने किसी बात पर जहर खा लिया था। परिवार वाले उसका फाजिलनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इस बात की जानकारी जब इन लड़कियों को हुई तो रात में ही घर से निकल गईं। गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी के भगवानपुर टोला के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में छलांग लगा दी। अभी इनका पता नहीं चला है। खोजबीन जारी है।

# बिना ब्रश किए पानी पीना सही है? कहीं सेहत खराब तो नहीं कर देगी ये गंदी आदत



शरीर के लिए पानी कितना ज्यादा जरूरी है यह बात किसी से छिपी नहीं है. बहुत सारी पेट की बीमारी और खुद को हाइड्रेट रखने के लिए पानी बहुत ज्यादा जरूरी है. डॉक्टरों के मुताबिक रोजाना 8–10 गिलास पानी पीना चाहिए. लेकिन कई लोग सुबह ब्रश करने से पहले बासी मुंह पानी पीते हैं. आज हम जानेंगे क्या ऐसा करना सच में सेहत के लिए फायदेमंद है.

ब्रश करने से पहले पानी पीने के फायदे

डाइजेशन होता है बेहतरः अगर आप ब्रश करने से पहले बासी मुंह पानी पीते हैं तो ऐसा करने से आपकी पाचन शक्ति अच्छी होती है. साथ ही आपका खाना आसानी से पच जाता है. शरीर में जमी कई बीमारियां जैसे– आलस आना, पिंपल्स होना, पेट की बीमारी, अनपच की दिक्कत, अगर आप बासी मुंह बिना ब्रश किए पानी पीते हैं तो आपके शरीर की गंदगी निकल जाती है.

सुबह के वक्त शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है

सोने के दौरान यानि 7–8 घंटे के बीच तो हम पानी पीते नहीं है. ऐसे में आपको सुबह उठकर सबसे पहले पानी पीना चाहिए.ताकि आपका शरीर सबसे पहले हाइड्रेट रहे.

मुंह में बैक्टीरिया नहीं होता है जमा

मुंह में जमे जितने भी जर्म्स होते हैं. बासी मुंह पानी पीने से मुंह जर्म फ्री हो जाते हैं. इम्युनिटी बढ़ती हैः अगर आप बासी में पानी पिएंगे तो आपकी इम्युनिटी बढ़ेगी. आपको जल्दी–जल्दी कोल्ड या कफ नहीं होगा. इससे बाल भी हेल्दी होते हैं.

सुबह बासी मुंह पानी पीने से आप हाई बीपी और शुगर जैसी बीमारी से बच सकते हैं. साथ ही सुबह अगर आप पानी पीते हैं तो आप मोटापे जैसी समस्या से बच सकते हैं. अगर आपको वजन कम करना है तो बासी मुंह जरूर पानी पिएं. सुबह बासी मुंह पानी पीना अच्छा माना जाता है.

मुंह से बदबू नहीं आती हैः ड्राई माउथ के कारण मुंह से बदबू आती है. ऐसे में अगर आप सुबह उठकर बासी मुंह से पानी पिएंगे तो आप कई तरह के समस्या से बच सकते हैं. ड्राई माउथ की समस्या तब होती है जब आप जरूरत के हिसाब से पानी नहीं पीते हैं, इसलिए सुबह उठकर पानी जरूर पानी पीना चाहिए.

# प्रिया भवानी, मालविका को कन्नड़ फिल्म भीमा में नायिका के रूप में चुना गया



प्रिया भवानी शंकर और मालविका शर्मा कन्नड़ फिल्म भीमा की नायिकाएं होंगी, जिसमें सुपर स्टार गोपीचंद मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 31वीं फिल्म होगी। यह फिल्म ए हर्षा द्वारा निर्देशित और के.के. द्वारा निर्मित है। श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले राधामोहन।

फिल्म में दोनों हीरोइनों की बराबर अहमियत होगी। फिल्म का पहला लुक पहले गोपीचंद के जन्मदिन के दौरान जारी किया गया था और माचो हीरो के दमदार लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

बड़े पैमाने पर बन रही इस हाई–बजट फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। पारिवारिक भावनाओं और अन्य तत्वों की अच्छी खुराक से सजी एक विशाल एक्शन मनोरंजक फिल्म भीमा में विभिन्न शिल्पों की देखभाल करने वाले कुछ शीर्ष तकनीशियन होंगे।

जबकि स्वामी जे.गौड़ा छायाकार हैं, केजीएफ फेम रवि बसरूर संगीत देंगे। रमाना वंका प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और किरण संपादक हैं। अज्जू महंकाली संवाद लिखेंगे। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राम–लक्ष्मण, वेंकट और डॉ रवि वर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए झगड़े होंगे।

# करिश्मा कर के एक–एक पोज में है बोल्डनेस का तड़का, तस्वीरें देख भूल जाएंगे उर्फी जावेद और पूनम पांडे की अदाएं

एक्ट्रेस और मॉडल करिश्मा कर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। करिश्मा कर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस



के लिए शेयर करती रहती हैं। करिश्मा कर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर नजर डालें तो वह अपनी बोल्डनेस से लोगों का ध्यान खींचती हैं। करिश्मा कर ने काफी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज और वीडियोज शेयर किए हैं। म्यूजिक वीडियो और वेब सीरीज में एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली करिश्मा कर अपनी बोल्डनेस के मामले में पूनम पांडे, उर्फी जावेद, शर्लिन चोपड़ा सहित तमाम एक्ट्रेस को जबरदस्त टक्कर देती हैं। करिश्मा कर ने कैमरे के सामने बोल्ड अंदाज दिखाया है। करिश्मा कर के खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। करिश्मा कर अपने फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। करिश्मा कर पूल के अंदर मोनोकिनी में नजर आ रही हैं। करिश्मा कर अक्सर अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करते नजर आती हैं। करिश्मा कर के फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर आहें भरते हैं। करिश्मा कर ने बिकिनी पहनकर ऐसा पोज दिया है कि उनके फैंस तस्वीर को बार–बार निहारने पर मजबूर हा जाएंगे। करिश्मा कर को इंस्टाग्राम पर 13 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। करिश्मा कर की तस्वीरें आते ही वायरल हो जाती हैं। करिश्मा कर ने काफी बोल्ड अंदाज में पोज दिया है। करिश्मा कर का ऐसा अंदाज लगभग हर तस्वीर में देखने को मिलता है। करिश्मा कर अलग–अलग रिवीलिंग आउटफिट में फोटोज क्लिक करवाती हैं। करिश्मा कर अधिकतर खुले बालों में पोज देती नजर आती हैं। करिश्मा कर के फैंस उनकी तस्वीरों को बेसब्री से इंतजार करते हैं। करिश्मा कर भी फैंस को बिना निराश किए फोटोज शेयर करती रहती हैं। करिश्मा कर ने बिकिनी पहनकर अपना फिगर दिखाया है। करिश्मा कर पूल से स्विमिंग के बाद पोज देते नजर आईं।




# ड्रीम गर्ल 2 के आगे निकला गदर 2 का दम, ओएमजी 2 की हालत भी बेहद बुरी




सनी देओल और अमीषा पटेल की पीरियड एक्शन ड्रामा श्गदर 2त्र और अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम की भारतीय स्कूलों में सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड कॉमेडी–ड्रामा फिल्म श्ओएमजी 2त्र ने तीसरे हफ्ते में एंट्री कर ली है. इन दोनों फिल्मों को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. जहां श्गदर 2त्र ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाते हुए 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है तो वहीं श्ओएमजी 2त्र ने भी 100 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है. हालांकि तीसरे हफ्ते में इन दोनों फिल्मों के कलेक्शन की रफ्तार धीमी हो गई है. चलिए यहां जानते हैं रिलीज के 15वें दिन श्ओएमजी 2त्र और श्गदर 2त्र ने कितने करोड़ का कारोबार किया है.

श्गदर 2त्र ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म किया है. सनी देओल की इस फिल्म का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोला. साल 2001 में आई फिल्म गदर एक प्रेम कथा की सीक्वल श्गदर 2त्र ने रिलीज होते ही सिनेमाघरों में गदर मचा दिया. फिल्म को देखने के लिए जमकर ऑडियंस पहुंची और इसने खूब नोट भी छापे. हालांकि तीसरे हफ्ते में श्गदर 2त्र की रफ्तार धीमी पड़ गई है और इसके कलेक्शन में कमी आ रही है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक श्गदर 2त्र ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को 6.70 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ श्गदर 2त्र की 15 दिनों की कुल कमाई अब 425.80 करोड़ रुपये हो गई है.

श्ओएमजी 2त्र में अक्षय कुमार शिवदूत बने नजर आए हैं. ये फिल्म भारत में स्कूल में सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है. फिल्म को रिलीज से पहले काफी विवाद का सामना करना पड़ा. इसे ए सर्टिफिकेट मिला था साथ ही फिल्म को सनी देओल की गदर 2 से क्लैश भी करना पड़ा. बावजूद इसके श्ओएमजी 2त्र ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया. फिल्म 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. हालांकि तीसरे हफ्ते में श्ओएमजी 2त्र की बॉक्स ऑफिस पर हालत पतली हो गई है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 15वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक श्ओएमजी 2त्र ने रिलीज के 15वें दिन महज 1.80 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ श्ओएमजी 2त्र की 15 दिनों की कुल कमाई अब 128.22 करोड़ रुपये हो गई है.

बता दें कि सिनेमाघरों में बीते दिन आयुष्मान खुराना की कॉमेडी ड्रामा फिल्म ड्रीम गर्ल 2 रिलीज हुई है. ये फिल्म भी सिक्वल है और इसका पहला पार्ट भी सुपर–डुपर हिट रहा था. वहीं ड्रीम गर्ल 2 को पहले दिन दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है जिसके चलते श्ओएमजी 2त्र और श्गदर 2त्र की कमाई पर भी असर पड़ा है. अब देखने वाली बात होगी की वीकेंड पर ये श्ड्रीम गर्ल 2त्र के आगे श्ओएमजी 2त्र और श्गदर 2त्र कितना कलेक्शन कर पाती हैं.

# क्या आप भी करते हैं सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल तो हो जाएं सावधान, इस बीमारी का बढ़ सकता है खतरा



क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो अब आपको सावधान हो जाने की जरूरत है क्योंकि यह संकेत देता है कि आप इन्फ्लेमेशन की समस्या से जूझ रहे हैं और जब यह इन्फ्लेमेशन बढ़ जाती है तो कई गंभीर रोगों को भी पैदा कर सकती है. ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे हैं बल्कि एक नई रिसर्च से पता चला है की जो लोग इन्फ्लेमेशन से पीडिघ्त होते हैं, वह दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने की उम्मीद में सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं.

ये है सोशल मिडिया एडिक्शन का नुकसान

जब भी कोई इंसान बीमार होता है, तो वह घर पर रहकर अपना समय बितता है, लेकिन इस समय लोग सोशल मीडिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अब यही बात स्टडी में भी साबित हुई है कि जो लोग सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय बिताते हैं वह इन्फ्लेमेशन की समस्या से परेशान हो सकते हैं.

क्या कहती है नई रिसर्च

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और जब भी वह बीमार होता है या घायल होता है तो ऐसे लोगों की तलाश करता है, जिससे वह अपना दर्द बांट सके, इसलिए इन्फ्लेमेशन या किसी बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को सोशल मीडिया की बहुत तलब होती है. न्यूयॉर्क की यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो में कम्युनिकेशन प्रोफेसर ने एक रिसर्च की जिसमें पाया गया कि जब शरीर सूजन और अन्य बीमारियों को ठीक करने में असहाय महसूस करता है, तो लोग अपने फोन को देखने में अधिक समय बिताते हैं, ताकि वह अपने दोस्तों और परिवार से बात कर सकें.

शरीर में क्यों होती है सूजन की समस्या

इन्फ्लेमेशन या सूजन की समस्या शरीर में आम होती है लेकिन जब यह इन्फ्लेमेशन बहुत ज्यादा बढ़ जाती है या लंबे समय तक बनी रहती है, तो कई बीमारियों को जन्म देती है. इससे ऑटोइम्यून डिजीज का खतरा होता है, इतना ही नहीं ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों के रोग जैसे अस्थमा की समस्या भी इन्फ्लेमेशन के कारण हो सकती है.